भीलवाड़ा/ बुधवार 11 सितम्बर 2024
RNI NO. RAJHIN/2016/74127
# नमस्ते राजस्थान
सत्य निष्पक्ष बेबाक
वर्ष : 09 अक: 02 | E-Mail: namasterajasthan11@gmail.com, nrnews100@gmail.com | भीलवाड़ा संस्करण | पृष्ठ 08 मूल्य 4 रुपए हिन्दी साप्ताहिक समाचार-पत्र | मो. 9214417111, 8005910698



# महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन, राष्ट्र निर्माण का आधार : दीया कुमारी

नमस्ते राजस्थान

**जयपुर(कासं.)।** उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के अंतर्गत मंगलवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित शक्ति उत्सव को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन, राष्ट्रनिर्माण का आधार है। केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य सरकार की ओर से महिलाओं के सशक्तिकरण लिए बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, गैस सिलेंडर जैसे कई उपायों और योजनाओं से राज्य में महिलओं का सशक्तिकरण हो रहा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन अनुसार विकसित भारत के निर्माण में राज्य की महिलाएं भी अपना योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अच्छी सड़कों के निर्माण, आवास, पुरूषों के खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से भी महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं की सुरक्षा पर कार्य किया



जा रहा है। दीया कुमारी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण में मीडिया का योगदान भी अपेक्षित है। मीडिया को महिलाओं की उपलब्धियों के प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं के साथ ही पुरूषों की मानसिकता में भी बदलाव की आवश्यकता है। ऐसा करके की महिला सशक्तिकरण किया जाना संभव होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि महिला के सशक्तिकरण में पूरे परिवार का सहयोग और योगदान की आवश्यता होती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को किसी भी हाल में हार नहीं माननी चाहिए, महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि महिला उत्थान के लिए महिलाओं को ही आगे आना होगा, इसी से बदलाव आएगा। भव्य सामुदायिक सम्मेलन शक्ति उत्सव में महिला व बाल विकास की उपलब्धियों को साझा करने वाली 'फील्ड की चॅम्पियन्स' "चयनित सफल/सक्षम महिलाओं और युवतियों" को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पोषण और स्वास्थ्य संबंधित जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से "सुरक्षित मां, स्वस्थ बच्चा" जागरूकता अभियान का शुभारंभ भी किया गया। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने ने इस अवसर आदिवासी महिलाओं की लगाई गई एक फोटो प्रदर्शनी का भी फीता काट कर उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी ग्रामीण महिलाओं की पोषण और शिशु देखभाल से जुड़ी समस्याओं पर केंद्रित थी, जिसमें किए गए हस्तक्षेपों के परिणामस्वरूप विविध आहार और बेहतर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार हुआ। महिला व बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मंजु बाघमार ने इस अवसर पर कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए उनके बेहतर स्वास्थ्य और अच्छे पोषण के साथ ही उनके मानसिक सशक्तिकरण होना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसी से बेहतर समाज का निर्माण संभव होगा। उन्होंने इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण के लिए आईपीई ग्लोबल और सीआईएफएफ की ओर से किये जा रहें योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महिला व बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, 'सुपोषित भारत' की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रत्येक वर्ष सितंबर माह में पोषण माह का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी राजस्थान राज्य में 1 सितंबर से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया गया है। महिला व बाल विकास शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने कहा कि हमारी उपमुख्यमंत्री महिला उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने विभागीय योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि एक भी पात्र को योजनाओं के लाभ लेने से वंचित नहीं रहने देंगे। शक्ति की इस मशाल को जलाकर रखें और इस विकास यात्रा को निरंतर गति प्रदान करें। इस अवसर पर सर क्रिस होन ने कहा कि आज हम सिर्फ़ इस साझेदारी का ही उत्सव नहीं मना रहे हैं, बल्कि यहां की महिलाओं के जीवन में जो बदलाव आया है आज हम उसकी खुशियां भी बांट रहे हैं। 2015 से हमने महिलाओं और लड़कियों को अधिक अवसर देने के लिए शुरू की गई कुछ पहलों पर लगभग 570 करोड़ रुपये का निवेश किया है। हमारे इन निवेश में कैश ट्रांसफर के लिए तकनीकी सहायता और कौशल विकास जैसी पहल शामिल हैं। अकेले राजपुष्ट कार्यक्रम ने पांच लाख महिलाओं को शामिल किया है। ये सिर्फ़ कार्यक्रम नहीं हैं, ये बदलाव के ब्लूप्रिंट हैं जिन्हें पूरे भारत और दुनिया भर में अपनाया जाना चाहिए। सीआईएफएफ की कार्यकारी निदेशक मंजुला सिंह ने कहा कि "राजस्थान सरकार के साथ मिलकर हमने जो काम किए हैं और लोगों की जिंदगी में हम जो बेहतर बदलाव लेकर आए हैं, उस पर हमें बहुत गर्व है। लड़कियों और महिलाओं पर सीआईएफएफ का यह फोकस वैश्विक स्तर पर हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारा मानना है कि जब लड़कियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य और रोजगार मिलता है, तो समाज पर इसका एक बड़ा असर पड़ता है। यह समाज में बदलाव लाता है और देश के विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करता है।

## न्यूज इनबॉक्स

### दिल्ली में राष्ट्रपति शासन जल्द, गृह मंत्रालय को भेजा पत्र

नमस्ते राजस्थान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति ने गृह मंत्रालय को चिट्ठी भेजी है और केजरीवाल सरकार को बर्खास्त करने की मांग की है। दिल्ली भाजपा के विधायकों ने दिल्ली सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर एक खत लिखा है। बीजेपी विधायकों ने राष्ट्रपति से दिल्ली सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था। राष्ट्रपति सचिवालय ने इस पर संज्ञान लिया है। राष्ट्रपति सचिवालय के निदेशक शिवेन्द्र चतुर्वेदी ने नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता को पत्र भेजा है। इसमें लिखा है कि भाजपा विधायकों ने 30 अगस्त को राष्ट्रपति से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन दिया था। उसे संज्ञान में लेते हुए उचित कार्रवाई के लिए गृह मंत्रालय को भेज दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि आने वाले दिल्ली चुनाव में भाजपा पहले ही हार मान चुकी है। भाजपा चोर दरवाजे से केजरीवाल सरकार को बर्खास्त करना चाहती है। भाजपा का एक मात्र काम चुनी हुई सरकार को गिराना है। मुख्यमंत्री केजरीवाल से भाजपा डरती है। केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों की सेवा की है। ये भाजपा का नया षड्यंत्र है। दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीरो सीट आंएगी।

### थरूर को 'सुप्रीम' राहत, मानहानि मामले में कार्रवाई पर रोक

नमस्ते राजस्थान

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर विवादास्पद टिप्पणी मामले में मानहानि केस का सामना कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर को सुप्रीम कोर्ट ने राहत दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में निचली अदालत में जारी कार्यवाही पर रोक लगा दी। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने मामले में शिकायत दर्ज कराने वाले भाजपा नेता राजीव बब्बर को भी नोटिस जारी किया है और थरूर की याचिका पर चार हफ्ते के अंदर जवाब देने के लिए कहा है। हाल ही में इस मामले में राहत के लिए थरूर ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हालांकि, कोर्ट ने उनकी याचिका को ठुकरा दिया था। इसके बाद सोमवार को ही उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस मामले में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली बेंच ने चार बजे तक सुनवाई चलाने की सामान्य परंपरा को तोड़ते हुए शाम छह बजे तक सुनवाई की। मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने क्या कहा था? बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने 29 अगस्त को थरूर के खिलाफ मानहानि की कार्यवाही रद्द करने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि प्रथम दृष्टया, प्रधानमंत्री के खिलाफ टिप्पणी घृणित और निंदनीय हैं। हाईकोर्ट ने कहा था कि प्रथम दृष्टया, टिप्पणी से प्रधानमंत्री, सत्तारूढ़ भाजपा के साथ-साथ इसके पदाधिकारियों और सदस्यों की भी मानहानि हुई है।

## हरियाणा बना मॉडल स्टेट, तीसरी बार बनेगी भाजपा की सरकारः डॉ. सतीश पूनिया

नमस्ते राजस्थान

**हांसी(एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए हांसी से भाजपा प्रत्याशी विनोद भयाना और नारनौद से कैप्टन अभिमन्यु ने मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर भाजपा हरियाणा प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने दोनों प्रत्याशियों का समर्थन किया और विश्वास जताया कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। नामांकन के बाद मीडिया से बातचीत में डॉ. पूनिया ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि "गुटों में बंटी कांग्रेस का कोई ठोर-ठिकाना नहीं है। कांग्रेस नेता हार के डर से झूठ फैला रहे हैं, लेकिन हरियाणा की जनता भाजपा के विकास कार्यों और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नेतृत्व क्षमता पर भरोसा करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने राज्य में पहले ही बढ़त बना ली है, और सैनी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनना तय है। डॉ. पूनिया ने हांसी से विनोद भयाना के नामांकन को एक "अच्छी शुरुआत" बताते हुए कहा कि भयाना की लोकप्रियता और उनकी जनता के प्रति जवाबदेही के कारण पार्टी ने उन्हें उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने कांग्रेस की स्थिति की तुलना "अली बाबा और चालीस चोरों" से की और कहा कि भाजपा अपने विकास एजेंडे पर चुनाव लड़ रही है। डॉ.



पूनिया ने 2014 से पहले कांग्रेस शासन की आलोचना करते हुए कहा कि उस समय हरियाणा में भ्रष्टाचार चरम पर था और नौकरियां पर्ची और खर्ची से दी जाती थीं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने इस व्यवस्था को खत्म कर युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां दी हैं। "आज हरियाणा देश के लिए एक मॉडल बन गया है, जहां गरीबों को चिरायु और आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मुफ्त चिकित्सा सुविधाएं मिल रही हैं," पूनिया ने कहा। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की ओर से शुरू किए गए हाईवे निर्माण कार्यों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा में मूर्त रूप दिया है। राज्य में नेशनल हाइवे और एक्सप्रेस-वे का जाल बिछाया गया है, जो भाजपा के विकास एजेंडे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। पूनिया ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी सज्जनता और सरकार के कामों से हरियाणा की जनता तीसरी बार भाजपा को सत्ता में लाने का मन बना चुकी है। उन्होंने यह भी दावा किया कि हरियाणा के लोग परंपरागत रूप से कांग्रेस के खिलाफ रहे हैं और इस बार भी हांसी से लेकर पलवल तक भाजपा को शानदार जीत मिलेगी। बता दें कि 14 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुरुक्षेत्र से चुनावी रैलियों की शुरुआत करेंगे। उनके साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित भाजपा के कई बड़े नेता भी राज्य में रैलियां करेंगे। हांसी से भाजपा प्रत्याशी विनोद भयाना ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी ने मुझ पर विश्वास जताया। भाजपा सरकार के 10 साल के विकास कार्यों के आधार पर हम भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी।

## राजस्थान में भारी बारिश से फसलों को भारी क्षति, किसान आयोग के अध्यक्ष बोले- क्षतिपूर्ति के लिए सरकार ने शुरू की कवायद

नमस्ते राजस्थान

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान में इस साल मानसून विशेष मेहरबान है. प्रदेश में जारी भारी बारिश से राज्य के सभी बड़े बांध लगभग लबालब हो चुके हैं. कई जिले बाढ़ की जद में है. बाढ़ के कारण फसलों को भारी क्षति हुई है. जिससे किसानों की कमर टूट गई है. जिसके बाद कई इलाकों के किसान मुआवजे की मांग कर रहे हैं. किसानों की इस मांग के बीच मंगलवार को भीलवाड़ा पहुंचे राजस्थान किसान आयोग के चेयरमैन सीआर चौधरी ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि भारी बारिश से हुई फसल क्षति से सरकार भी चिंतित है. सरकार ने किसानों के नुकसान की भरपाई के लिए कवायद शुरू कर दी है. सीआर चौधरी ने कहा कि प्रदेश में मानसून मेहरबान है. अतिवृष्टि से किसानों के चहरे पर चिंता झलक रही है. सरकार भी चिंतित है. सरकार ने किसानों के नुकसान की भरपाई के लिए कवायद शुरू कर दी है. एनडीटीवी से खास बातचीत में किसान आयोग अध्यक्ष चौधरी ने अतिवृष्टि से फसलों में हो रहे खराबे पर चिंता जाहिर की. किसान आयोग अध्यक्ष चौधरी की दवा किया कि सरकार किसानों की पीड़ा को जानती है.खुद सीएम भजनलाल शर्मा नियमित मॉनिटरिंग कर रहे हैं. प्रदेश में लगातार हो रही बरसात से सब तरफ खुशी का माहौल है. आने वाले समय में पेयजल और सिंचाई के पानी की समस्या का समाधान हो रहा है. चौधरी ने कहा कि अत्यधिक बरसात से फसलों में खराबी भी सामने आ



रहा है. सरकार फसलों में हो रहे खराबी से चिंतित है. उसके लिए आज हम लोग आए, हमने कृषि अधिकारियों से बात की, यह समझा कि भीलवाड़ा में क्या पोजिशन है। सरकार ने राजस्व विभाग के माध्यम से समय से 20 दिन पहले ही गिरदावरी के लिए कह दिया है। 1 सितंबर से प्रदेश में गिरदावरी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ताकि किसान को कितना नुकसान हुआ हुआ है, कितना उसको मुआवजा देना है? इसका निर्धारण हो पाए। प्रदेश में तीन इंश्योरेंस कंपनियां काम कर रही है वह समय पर किस को मुआवजा दे दे ताकि उसके नुकसान की भरपाई हो जाए। इससे पूर्व सर्किट हाउस पहुंचने पर किसान आयोग अध्यक्ष सीआर चौधरी का भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा महिला मोर्चा की अध्यक्षता युवा मोर्चा के अध्यक्ष और प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने स्वागत अभिनंदन किया. प्रिंसिपल मेडिकल ऑफिसर अरुण गोड भी स्टाफ के साथ किसान आयोग अध्यक्ष चौधरी से मिलने पहुंचे।

## हरियाणा चुनावः विनेश के सामने भाजपा के योगेश बैरागी

नमस्ते राजस्थान

**चंडीगढ़(एजेंसी)।** देश की ख्यातनाम पहलवान विनेश फोगाट को कांगेस ने जुलाना से उम्मीदवार बनाया है तो वहीं उनके सामने भाजपा ने एयर इंडिया की नौकरी कार चुके कैप्टन योगेश बैरागी को टिकट दिया है। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने मंगलवार को 21 प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की है। भाजपा ने जुलाना सीट से युवा व नया चेहरा उतारा है। जुलाना सीट से कांग्रेस उम्मीदवार महिला पहलवान विनेश फोगाट के सामने भाजपा ने कैप्टन योगेश बैरागी को उतारा है। कैप्टन योगेश बैरागी ने डेढ़ साल पहले



राजनीति में कदम रखा था। इससे पहले वे एयर इंडिया में सीनियर कैप्टन के पद पर कार्यरत थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना आदर्श मानने वाले कैप्टन योगेश ने भाजपा में शामिल होकर अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की। कैप्टन योगेश बैरागी की उम्र 35 वर्ष है और उन्होंने स्नातक की पढ़ाई की है। वे भाजपा युवा मोर्चा हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं। उनके पिता नरेंद्र कुमार बैरागी बैरागी सभा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। मूलतः सफीदों विधानसभा क्षेत्र के पाजू कलां गांव के निवासी कैप्टन योगेश की भाजपा के शीर्ष नेतृत्व में मजबूत पकड़ है। खासकर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ उनके करीबी संबंध हैं। जुलाना विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। खासकर तब जब विनेश फोगाट जो एक प्रमुख पहलवान और राजनीति में कदम रख चुकी हैं

## राहुल गांधी की बढ़ सकती है मुसीबत, भाजपा करेगी मानहानि का दावा

नमस्ते राजस्थान

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भाजपा ने राहुल गांधी के सिखों पर दिए गए बयान पर गहरी नाराजगी जताई है। पार्टी ने कहा है कि राहुल गांधी अपनी विदेश यात्रा के दौरान भारत को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। पार्टी ने कहा है कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सिखों के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं और सिख समुदाय देश में पूरे मान-सम्मान के साथ रह रहा है और देश को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। करतारपुर कॉरिडोर खोलने के साथ ही केंद्र सरकार ने सिखों के सम्मान को बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। पार्टी के अनुसार, ऐसे ही राहुल गांधी को विदेश में कोई गलतबयानी करने से बाज आना चाहिए। पार्टी नेता सरदार आरपी सिंह ने कहा है कि वे राहुल गांधी के बयान के खिलाफ कोर्ट जाएंगे। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि 1984 में एक सोची-समझी साजिश के अंतर्गत सिखों का नरसंहार किया गया था। उन्होंने कहा कि इसमें कांग्रेस के कई बड़े नेता शामिल थे और इन हमलों में 3000 से अधिक सिखों की हत्या की गई थी। इस पर अपनी गलती मानने की बजाय कांग्रेस नेता राहुल गांधी दूसरों पर सवाल खड़े कर रहे हैं। पुरी ने कहा कि नेता विपक्ष होने के कारण वे एक संवैधानिक पद पर हैं। इसके बाद भी राहुल गांधी विदेशों में भारत को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्हें ऐसे कार्यों से बचना चाहिए। भाजपा के सिख नेता सरदार आरपी सिंह ने कहा कि गुरुद्वारों में लंगर पर लगने वाले टैक्स को माफ करने सहित सिखों को सम्मान देने का हर कार्य केंद्र सरकार ने किया है।

## राजस्थान में निवेश के लिए दक्षिण कोरियाई कंपनियों ने दिखाई रुचि

### मुख्यमंत्री की यात्रा के दौरान कई समझौतों पर चर्चा

नमस्ते राजस्थान

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण कोरिया के दूसरे दिन कई प्रमुख कंपनियों से मुलाकात की, जहां उन्होंने राजस्थान में निवेश के विभिन्न अवसरों पर चर्चा की। इस दौरान खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य सेवा, खनन, स्टोन्स, ऊर्जा भंडारण और कार्बन फाइबर उत्पादन जैसे क्षेत्रों में दक्षिण कोरियाई कंपनियों ने रुचि दिखाई। मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, उद्योग और वाणिज्य के प्रमुख शासन




सचिव अजिताभ शर्मा और अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल रहे। दक्षिण कोरिया यात्रा के दौरान, सैमसंग हेल्थकेयर ने राजस्थान के चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर एआई आधारित हेल्थकेयर उपकरण उपलब्ध कराने की इच्छा जताई। इसी क्रम में, ओरियन कॉरपोरेशन ने अपने भिवाड़ी स्थित प्लांट और राज्य में विस्तार की योजनाओं पर चर्चा की। माइनिंग क्षेत्र में, एलएक्स इंटरनेशनल ने राजस्थान के खनिज संसाधनों, खासकर लाइमस्टोन (स्टील ग्रेड), सिलिका, जिप्सम और रेयर अर्थ मिनरल्स के दोहन में रुचि दिखाई। इसके अलावा, ह्योसंग कॉरपोरेशन ने भारत में कार्बन फाइबर उत्पादन के लिए राजस्थान को संभावित केंद्र के रूप में चुना। कोरियन स्टोन एसोसिएशन के साथ एक राउंडटेबल बैठक के दौरान, राजस्थान से स्टोन्स के निर्यात को बढ़ाने और दोनों देशों के बीच तकनीकी सहयोग पर चर्चा हुई। एसोसिएशन ने राज्य के सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ स्टोन्स के साथ मिलकर काम करने पर भी सहमति जताई। राजस्थान सरकार ने कोरियन प्रतिनिधियों को 2026 में आयोजित होने वाले इंडिया स्टोन मार्ट में भाग लेने का निमंत्रण दिया। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सियोल टेक्निकल हाई स्कूल का दौरा किया और राजस्थान में स्किल डेवलपमेंट और युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देने के लिए इस तरह के संस्थानों की स्थापना की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने छात्रों के बीच नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने वाली पहलियों का अवलोकन किया और छात्रों से बातचीत कर एआई और अन्य उन्नत तकनीकों का अनुभव किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ऐसे संस्थानों की आवश्यकता है। व्यावहारिक और सैद्धांतिक प्रशिक्षण के मेल से हमारे युवा रोजगार के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकते हैं। हम ऐसे प्रतिष्ठित संस्थानों को राजस्थान में आमंत्रित करते हैं।

मुख्यमंत्री की इस यात्रा से पहले, सियोल में आयोजित इन्वेस्टर मीट के दौरान उन्होंने राजस्थान में शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्रों में बड़े सुधारों की प्रतिबद्धता जाहिर की थी। राज्य सरकार के इस प्रतिनिधिमंडल का दक्षिण कोरिया दौरा सफल रहा, जहां कई कंपनियों ने राजस्थान में व्यापार और निवेश के लिए रुचि दिखाई। अब यह प्रतिनिधिमंडल 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 की तैयारियों के तहत जापान की यात्रा करेगा। बता दें कि यह समिट 9 से 11 दिसंबर 2024 के बीच जयपुर में आयोजित किया जाएगा। इस मेगा इवेंट का आयोजन उद्योग और वाणिज्य विभाग, बीआईपी, और रीको के सहयोग से किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य देश-विदेश की कंपनियों और निवेशकों को राजस्थान में निवेश के लिए आमंत्रित करना है।

# उड़ान योजना में डेढ़ करोड़ का घोटाला, कुछ पैड ऑनलाइन कंपनियों को भी बेचे

**नमस्ते राजस्थान**

**जोधपुर।** राजस्थान में महिलाओं और बच्चियों को सरकार की ओर से मिलने वाले फ्री सैनिटरी पैड स्कीम में डेढ़ करोड़ का घोटाला सामने आया है। जिस कंपनी को ठेका दिया था, उसने ये पैड दोबारा सरकार को ही बेच दिए। इतना ही नहीं इनमें से कुछ पैड ऑनलाइन कंपनियों को भी सप्लाई किए। इस घोटाले में उड़ान योजना की मॉनिटरिंग करने वाले अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हैं। इस घोटाले का खुलासा तब हुआ जब 21 मई 2024 को एक कंटेनर जोधपुर की सीजीएसटी टीम ने पकड़ा। एक महीने तक जब इस पूरे मामले की जांच चली तो उड़ान योजना में मिलने वाले सैनिटरी पैड के स्कैम का पता चला। 19 नवंबर 2021 को राजस्थान सरकार ने 11 से 45 साल की महिलाओं, स्कूल छात्राओं के लिए उड़ान योजना शुरू की थी। योजना का उद्देश्य महिलाओं व छात्राओं को माहवारी के समय सैनिटरी पैड उपलब्ध करवाना था। यह योजना सिर्फ राजस्थान के लिए ही थी। सैनिटरी पैड के वितरण का स्टेट से मॉनिटरिंग राजमैस की थी। इसके बाद अलग-अलग डिपार्टमेंट के अधिकारियों, संभाग, जिला और फिर ब्लॉक लेवल तक एक पूरी चेन इस योजना से जुड़ी हुई थी।


जगदीश


नरपत दान


उमेश तांबी


सुनील रामचंदानी

### एक महीने पहले कंटेनर पड़ा, जिस पर राजस्थान सरकार का टैग था

21 मई की रात जीएसटी चोरी के संदेह में सीजीएसटी इंस्पेक्टर लीलाधर जाट व उनकी टीम जोधपुर के सांगरिया रोड पर नाकाबंदी कर ट्रक, टेलर और कंटेनर की जांच कर रही थी। इसी दौरान हरियाणा नंबर का एक कंटेनर आया। टीम को शक हुआ तो कंटेनर को खोला गया, जहां प्लास्टिक के कट्टों में सैनिटरी पैड भरे हुए थे। ड्राइवर से इसकी बिल्टी मांगी तो उसने पोकरण से नोएड़ा की बिल्टी दी। टीम ने कट्टों को खुलवाकर जांच की तो सैनिटरी पैड पर 'राजस्थान सरकार द्वारा निशुल्क वितरण' का टैग लगा हुआ था। ड्राइवर से इन फ्री पैड की राजस्थान से नोएडा में सप्लाई का कारण पूछा तो वह जवाब नहीं दे पाया। जीएसटी की टीम ने कालाबाजारी के शक में जोधपुर की बासनी पुलिस को सूचना दी। बासनी पुलिस ने मामला दर्ज किया और खेतड़ी निवासी कंटेनर ड्राइवर कैलाश धानका को गिरफ्तार किया। इस कंटेनर में उड़ान योजना के 1 लाख 85 हजार सैनेटरी पैड थे, जो नोएड़ा सप्लाई होने जा रहे थे।

### ड्राइवर से पूछताछ में 2 नाम सामने आए

जीएसटी की टीम की ओर से बासनी थाने में इस कालाबाजारी को लेकर मामल दर्ज करवाया गया। कंटेनर ड्राइवर कैलाश धानका से पुलिस ने पूछताछ की तो उसने पोकरण के ऊजला निवासी जगदीश पुत्र सुरजदान चारण (38) का नाम बताया। कहा- ट्रक में जगदीश ने माल रखवाने को कहा था और इसे नोएडा निवासी रघुवीर सिंह को सप्लाई करने की बात कही। पुलिस ने जब जगदीश के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि वो उड़ान योजना में पोकरण ब्लॉक का इंचार्ज है।

### महिलाओं के शर्म की आड़ में जगदीश ने बनाया पूरा प्लान

पुलिस जगदीश तक पहुंची और उसे हिरासत में लिया। सामने आया जगदीश पर पोकरण ब्लॉक के सभी आंगनबाड़ी और स्कूल में सैनिटरी नैपकिन के सप्लाई की जिम्मेदारी थी। जगदीश ने बताया कि आंगनबाड़ी और स्कूल में किसे-किसे ये पैड दिए इसका कोई रिकॉर्ड नहीं होता था। क्योंकि महिलाओं में सैनिटरी पैड को लेकर शर्म होती है, ऐसे में पैड के कार्टन को वहां के सेंटर पर रख दिया जाता था। जिस बच्ची या महिला को लेना होता है, वह लेकर चली जाती है। इसी बात का जगदीश ने फायदा उठाया।

### सप्लाई करने वाली कंपनी को ही बेच दिए

जगदीश को इसी से आइडिया आया कि क्यों न आंगनबाड़ी और स्कूल में पड़े सैनेटरी पैड सप्लाई करने वाली कंपनी को ही बेचा जाए। इस प्रोडक्ट को बनाने और बेचने का काम सरकार ने नोएडा में रहने वाले सुनील रामचंदानी नाम के व्यक्ति को दे रखा था। जगदीश ने सुनील से कॉन्टैक्ट कर आंगनबाड़ी और स्कूल में पड़े स्टॉक को दोबारा लौटाने के लिए कहा। इस पर डील तय हुई कि जगदीश को 4 रुपए प्रति सैनेटरी पैड के हिसाब से मिलेंगे। पहली बार में जगदीश ने 2 हजार सैनिटरी पैड की खेप सुनील को भेजी थी। फ्री के पैड पर लाखों रुपए का सौदा होता देख जगदीश ने ये प्लान जैसलमेर जिले के प्रभारी नरपत दान और जोधपुर संभाग इंचार्ज उमेश ताबी को बताया और इसमें इन दोनों को भी शामिल कर दिया गया।

### तीनों ने मिलकर कंपनी 6 लाख से ज्यादा के पैड बेचे

इसके बाद इन तीनों ने मिलकर 2 साल तक 6 लाख सैनिटरी पैड सुनील को बेच दिए थे। हर महीने आंगनबाड़ी और स्कूलों में बचे स्टॉक को ये सुनील को सप्लाई करते। इसके बाद सुनील इन्हीं सैनिटरी पैड को दोबारा सरकार को भेजता। इसके बदले सरकार की ओर से सुनील को प्रति पैड 14 रुपए मिलते थे। इनमें से 4 रुपए प्रति पैड वो जगदीश को दे देता। यानी सुनील एक ही पैड सरकार को दोबारा बेचकर प्रति पैड 10 रुपए कमा रहा था। पुलिस की जांच में सामने आया कि इस सौदे के बाद सुनील रामचंदानी ने प्रदेश में पैड की सप्लाई तो कम कर दिया लेकिन सरकार के सामने पैड की संख्या वहीं रखी। अब सुनील जितने पैड कम भेजता उसकी सप्लाई जगदीश करता था और पेमेंट सीधे जगदीश को पहुंचता। दूसरी तरफ सुनील सरकार को अपनी सप्लाई बता उसका पूरा पेमेंट उठा रहा था।

### अचानक से पैड की साइज बढ़ाई तो दूसरा रास्ता निकाला, पकड़े गए

दो साल तक जगदीश, उमेश तांबी और नरपतदान ने सुनील के साथ मिलकर सरकार को लाखों रुपए का चूना लगाया। इसी बीच 2023 में सरकार ने इन पैड की साइज को 230एमएम से बढ़ाकर 280एमएम कर दिया। जब तक साइज नहीं बढ़ी उससे पहले तक ये सरकार को ही फ्री योजना के 70 लाख के सैनिटरी पैड दोबारा बेच चुके थे। उस समय इनके पास करीब 7 लाख सैनिटरी पैड का स्टॉक बचा था। इसे खपाने के लिए सुनील ने तीनों की डील नोएडा में रहने वाले संदीप झा और रघुवीर सिंह से करवाई। संदीप का ऑनलाइन बिजनेस है और रघुवीर सिंह ट्रांसपोर्ट कंपनी का मालिक। दोनों नोएड़ा के रहने वाले है और ये सुनील के साथी भी है। उड़ान योजना के फ्री वाले सैनेटरी पैड को बेचने के लिए संदीप और रघुवीर सिंह से प्रति पैड 6 रुपए में डील हुई। ऐसे में इन्होंने 42 लाख के पैड को बाजार में खपाने की तैयारी कर ली। इन आरोपियों ने इस योजना में करीब 11 लाख के सैनिटरी पैड का स्टॉक जमा किया और सरकार को 1 करोड़ 54 लाख रुपए का चूना लगाया। इतना ही नहीं इन्हें बाजार में बेचकर 66 लाख रुपए कमीशन भी उठाया।

### हर विभाग के अलग-अलग नोडल अधिकारी, डबल मॉनिटरिंग फिर भी नहीं पकड़े गए

राजस्थान में चलने वाली उड़ान योजना की मॉनिटरिंग का नोडल विभाग महिला अधिकारिता विभाग है। इस योजना का फायदा देने के लिए चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग, स्कूल शिक्षा एवं कॉलेज शिक्षा विभाग, तकनीकी एवं उच्च शिक्षा, जनजातीय क्षेत्र विकास व पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग को इससे जोड़ा हुआ है। प्रदेशभर में इन सैनेटरी नैपकिन की सप्लाई राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन द्वारा की जाती है। प्रदेश में सप्लाई करने वाले नोडल एजेंसी ने संभाग, जिला और ब्लॉक लेवल तक पर इंचार्ज रखे हुए है। इसी चैन के जरिए स्टेट लेवल की रिपोर्ट तैयार होती है। इस रिपोर्ट के आधार पर सप्लायर सरकार से पेमेंट के लिए बिल भेजता था। बिल के क्रॉस वैरिफिकेशन के लिए सरकार की ओर से आंगनबाड़ी स्तर तक रिपोर्ट मांगी जाती थी। रिपोर्ट आने के बाद ही कंपनी को पेमेंट किया जाता था।

### पूरे मामले की रिपोर्ट निदेशालय को भेजी गई है

महिला एवं अधिकारिता विभाग जैसलमेर के उप निदेशक अशोक गोयल ने बताया कि जोधपुर में पकड़े गए सैनेटरी पेड के मामले में शिकायत मिलने के बाद विभाग की ओर इस पूरे मामले की जांच की गई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आए है। इसकी एक रिपोर्ट तैयार कर निदेशालय को भेजी गई है।

## यूएई से जयपुर सोने की तस्करी करने वाला मास्टरमाइंड गिरफ्तार:स्मगलिंग का नेटवर्क तैयार किया;4 साल से फरार था

**नमस्ते राजस्थान**

**जयपुर।** खाड़ी देशों से भारत में सोने की अवैध तस्करी करने वाले कुख्यात तस्कर मुनियाद अली को गिरफ्तार कर लिया गया है। इंटरपोल की मदद से राष्ट्रीय जांच एजेंसी(ठक्अ) उसे यूएई भारत ले आई है। मुनियाद ने ही खाड़ी देशों से भारत तक गोल्ड तस्करी का अवैध नेटवर्क तैयार किया है। वह चार साल से फरार था। अब मंगलवार को उसे एनआईए कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### यूएई में मिली लोकेशन, जयपुर एयरपोर्ट पर एनआईए की टीम ने पकड़ा

रेड कॉर्नर नोटिस जारी होने के बाद इनपुट मिला कि मुनियाद यूएई में है। यहां यूएई और आबूधाबी की टीमों की मदद से उसे पकड़कर भारत लाया गया। इसके बाद उसे एनआईए की टीम को सौंप दिया गया है। अब तक की जांच में सामने आया था कि मुनियाद इंटरनेशनल गोल्ड तस्करी के नेटवर्क में शामिल है। मुनियाद ने अपने साथियों के साथ मिलकर रियाद, सऊदी अरब से भारत में सोने की अवैध तस्करी का प्लान और नेटवर्क तैयार किया था। आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर पहले भी रियाद से जयपुर में सोने की तस्करी करवा चुका है।

### दिल्ली-कोलकाता में सख्ती बढ़ी तो जयपुर को सेंटर बनाया

मुनियाद ने खाड़ी देशों में काम करने वाले लोगों को अपने सिंडिकेट में शामिल कर रखा था। मुनियाद वहां काम करने वाले भारतीयों को कमीशन का लालच देता था। उसने खाड़ी देशों से जयपुर, दिल्ली और कोलकाता तक नेटवर्क बनाया। पिछले कुछ सालों में जब इसे लगा कि दिल्ली और कोलकाता के एयरपोर्ट पर सख्ती बढ़ गई तो इसने जयपुर एयरपोर्ट को सेंटर बनाया। खाड़ी देशों से सोना लेकर आने वालों को केवल ये निर्देश दिए जाते थे कि उन्हें ये गोल्ड केवल एयरपोर्ट के बाहर तक पहुंचाना है।

### कुछ समय पहले जारी किया गया था रेड कॉर्नर नोटिस

दरअसल, ठक्अ ने जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 3 जुलाई 2020 को तस्करी कर लाए गए सोने को जब्त करके सितंबर 2020 में केस दर्ज किया था। उस वक्त पकड़े गए एक गोल्ड तस्कर ने पूछताछ में मुनियाद के बारे में जानकारी दी थी। मार्च 2021 को रेड कॉर्नर नोटिस के लिए एनआई की विशेष कोर्ट में आरोप पत्र पेश किया गया था। एनआईए की अपील पर सीबीआई ने मुनियाद के खिलाफ 13 सितंबर 2021 को इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया था। मुनियाद की तलाश के लिए इसे दुनिया भर की सभी कानूनी एजेंसियों को भेजा गया था।

## दो सप्ताह बाद जयपुर हेरिटेज मेयर मुनेश का हटना तय:कुसुम या ललिता बन सकती हैं कार्यवाहक महापौर

**नमस्ते राजस्थान**

**जयपुर।** नगर निगम जयपुर हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर और उनके पति सुशील गुर्जर के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले में सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दो सप्ताह का समय देते हुए मौखिक तौर पर चालान पेश करने के लिए कहा है। वहीं, मुनेश गुर्जर के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी देने को रिकॉर्ड पर लेते हुए सुनवाई दो सप्ताह बाद तय की है। जस्टिस एनएस ढड्ढ़ा ने यह निर्देश सोमवार को सुधांशु सिंह ढिल्लन की याचिका पर दिया।

### किशनपोल से हो सकती हैं नई महापौर

मुनेश के हटने के बाद भाजपा पार्षद कुसुम यादव को कार्यवाहक मेयर का प्रमुख दावेदार माना जा रहा है। कुसुम लंबे समय से बीजेपी में हैं। दूसरी बार पार्षद बनी हैं। इससे पहले सांस्कृतिक और महिला उत्थान समिति की चेयरमैन रही हैं। उनकी छवि भी साफ-सुथरी है। दूसरी दावेदार भाजपा की ही ललिता जायसवाल हैं। ललिता के पति भाजपा युवा मोर्चा के राजस्थान मीडिया प्रभारी रहे हैं और लंबे समय से संगठन से जुड़े हैं। कुसुम और ललिता के कार्यवाहक मेयर बनने की संभावना इसलिए ज्यादा है क्योंकि दोनों ही किशनपोल विधानसभा क्षेत्र से पार्षद हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में भाजपा लगातार दो चुनाव से हार रही है। ऐसे में किशनपोल क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने के लिए यहां से कार्यवाहक मेयर बनाई जा सकती है। कोर्ट में 4 माह में कार्रवाई न होने का प्रश्न उठा इधर, दोपहर 3:10 बजे अदालती आदेश के पालन में डीएलबी निदेशक वीसी के जरिए कोर्ट में पेश हुए।

## साक्षरता दिवस पर भाषण व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन

**नमस्ते राजस्थान**

**भीलवाड़ा,** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर मंगलवार को महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक नगेन्द्र कुमार तोलम्बिया के निदेर्शानुसार राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गुलमंडी में बालिकाओं के साथ साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया। महिला अधिकारिता विभाग द्वारा विद्यालय में साक्षरता से संबंधित भाषण व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें इंदिरा महिला शक्ति केन्द्र की केन्द्र प्रबंधक श्रीमती गंगा दाधीच ने बालिकाओ को शिक्षा का महत्व समझाते हुए बालिकाओ के जीवन में साक्षरता के मार्ग में आने वाली बाधाओं पर ध्यान केन्द्रित किया व राज्य सरकार द्वारा बालिकाओ की सुरक्षा व साक्षरता को बढ़ावा देने वाली योजनाओ की जानकारी दी गई। शिक्षा, खेलकूद, महावारी स्वच्छता प्रबंधन तथा साइबर सुरक्षा के महत्व पर संवाद सत्र का आयोजन किया गया। कौशल संवर्धन प्रशिक्षण योजना के तहत महिला शक्ति निधि से आर.के.सी.एल. के समन्वय से संचालित निःशुल्क आरएससीआईटी, आरएससीएफए एवं आरएससीएसईपी हेतु बालिकाओं को कम्प्यूटर कोर्स की जानकारी दी गई। बालिकाओं व महिला सशक्तिकरण, आत्मरक्षा, शिक्षा साहस को सुनिश्चित करने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में





विस्तृत जानकारी दी गई। महिला अधिकारिता विभाग द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत करके बालिकाओं का मनोबल बढ़ाया गया। नारा व भाषण प्रतियोगिता में सुश्री अंजली कंवर व संवाद प्रतियोगिता में सुश्री मेहजब मंसूरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिकाओं की कैरियर काउंसलिंग के साथ आत्मरक्षा के विभिन्न माध्यमों की जानकारी देकर सत्र का समापन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्या श्रीमती उषा शर्मा, महिला अधिकारिता विभाग की इंदिरा महिला शक्ति केन्द्र की टीम व डी.एच.ई.डब्लु से जेण्डर स्पेशलिस्ट उपस्थित रहे।

## झील में तैरता मिला फास्टफूड संचालक का शव:3 दिन पहले घर से हुआ था लापता, पत्नी ने दर्ज करवाई थी गुमशुदगी

**नमस्ते राजस्थान**

**भीलवाड़ा।** तीन दिन पहले घर से लापता हुए एक फास्टफूड संचालक युवक की लाश आज मानसरोवर झील में तैरती मिली। इधर से गुजर रहे लोगों ने जब पानी के ऊपर एक लाश तैरती देखी तो इसकी सूचना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से युवक के शव को पानी बाहर निकलवा दल महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉच्यूर्री भिजवाया। मामला शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र का है। थाना क्षेत्र की मानसरोवर झील में आज एक युवक का तैरता हुआ शव देखकर इधर से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने पर प्रतापनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और डेडबॉडी को झील से निकलवा कर महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉच्यूर्री में भिजवाई। पुलिस ने मृतक युवक



की पहचान वैभव नगर में रहने वाले ईश्वर खुशलानी उर्फ सोनू (33 ) के रूप में की।मृतक की कॉलेज सर्कल के पास सोनू पेटिस के नाम से फास्ट फूड की शॉप है। बताया जा रहा है कि सोनू 3 दिन से अपने घर से लापता था। उसकी पत्नी ने गायत्री देवी ने सोनू की गुमशुद की रिपोर्ट भी कोतवाली में दर्ज कराई थी। परिजनों ने बताया कि सोनू ने अपने व्यापार के लिए कुछ लोगों से ब्याज पर रुपए उधार लिए थे और उन्हीं के तकाजे से परेशान होकर उसने सुसाइड कर लिया है। सोनू शुक्रवार दोपहर को अपने घर से शॉप जाने के लिए निकला था। शाम करीब पांच 5:30 बजे के आसपास उसकी पत्नी ने जब सोनू को फोन किया तो उसने कॉल कट कर दी , बाद में जब पत्नी ने शॉप पर पता किया तो कर्मचारियों ने बताया कि वो आज शॉप पर भी नहीं आया था। उसके बाद शनिवार को सोनू की पत्नी ने अपने पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज करवाई थी। पुलिस और परिजन सोनू की तलाश कर ही रहे थे कि आज प्रताप नगर थाना क्षेत्र की मानसरोवर झील में एक युवक का तैरता हुआ शव मिलने की सूचना पर पुलिस पहुंची और जब सोनू के परिजनों को शिनाख्त के लिए बुलाया गया तो उन्होंने उसकी पहचान सोनू उर्फ ईश्वर खुशलानी के रूप में की। पति का शव देखते ही पत्नी गश खाकर बेहोश हो गई। मृतक के 3 साल का एक बेटा है। फिलहाल पुलिस ने मृतक के पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया और मृतक के मामा प्रकाश सिंधी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक

# रोजगार उत्सव की तैयारियों को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

नमस्ते राजस्थान

**भीलवाड़ा,** जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय अधिकारियों की विभागीय कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि बजट घोषणाओं के त्वरित क्रियान्वयन के साथ-साथ समस्त अधिकारी विभागीय योजनाओं के आवंटित लक्ष्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। बैठक में उन्होंने रोजगार उत्सव, राइजिंग राजस्थान, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति प्रगति, शहर की साफ सफाई, निराश्रित पशुओं के समाधान, बिजली, पेयजल, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, संपर्क पोर्टल व विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिले में 17 सितंबर को आयोजित होने वाले रोजगार उत्सव की तैयारियों को लेकर सीएमएचओ और रोजगार विभाग के उपनिदेशक को निर्देशित किया। साथ ही जिलें में विभिन्न विभागों के कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास व उद्घाटन के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए जिला कलक्टर मेहता ने शहर में निराश्रित पशुओं को गौशालाओं तथा नंदीशालाओं में भेजने को लेकर नगर परिषद एक्सईएन सूर्यप्रकाश संचेती को निर्देश दिए। इसके साथ ही पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक को इसके लिए गौशालाओं और नंदीशालाओं को पाबंद करने को लेकर निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को बारिश से खराब हुई सड़को की मरम्मत के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारी से जिले में बांधो की ओवरफ्लो की स्थिति की जानकारी ली।









### राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की दी जानकारी

बैठक में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र महाप्रबंधक के. के. मीना ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा 9 से 11 दिसंबर के बीच राजस्थान राइजिंग कार्यक्रम का आयोजन राजधानी जयपुर में किया जाएगा। जिसमें राज्य में देश-विदेशों के निवेशकों से एमओयू किया जायेंगे। राज्य सरकार द्वारा सभी जिलों में राइजिंग राजस्थान के जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसके तहत भीलवाड़ा जिलें में भी राइजिंग भीलवाड़ा 2024 का 9 नवंबर को किया जाना प्रस्तावित है। इसमें भी निवेशकों द्वारा एमओयू किया जायेगा। इन इकाइयों के प्राथमिकता आधार पर हैण्डहोल्डिंग कर नियमानुसार सरकार की योजनाओं में लाभान्वित कराया जाएगा। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, ऊर्जा, पर्यटन, पर्यावरण, श्रम, कौशल, यूडीएच, राजस्व, कृषि, खान विभागों में आने वाले नए निवेशकों के साथ संबंधित विभाग एमओयू करें तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। इसके अतिरिक्त सभी औद्योगिक संघों/औद्योगिक संगठनों/उधमियों के साथ बैठक आयोजित किये जाने के निर्णय प्रदान किये। जिला कलक्टर ने मानसून सीजन को दृष्टिगत रखते हुए मलेरिया, डेंगू, स्वाइन फ्लू, स्क्रब टाइफस, चिकनगुनिया जैसी वैक्टर जनित बीमारियों का ट्रांसमिशन सीजन होने से इन बीमारियों के नियंत्रण व रोकथाम हेतु जिले में व्यापक स्तर पर एन्टीलार्वल गतिविधियां आयोजित करने के संबंध में सीएमएचओ को निर्देश दिए । उन्होंने सीएमएचओ को मौसम को ध्यान में रखते हुए फॉगिंग करवाने, घर-घर सर्वे करवाने, लोगों को मौसमी बीमारियों बचाव के लिए जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करवाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री की मंशा है कि जल्द से जल्द बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित हो, सभी बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की नियमित रूप से समीक्षा की जाए और जो समस्याएं सामने आ रही हैं, उनके समाधान के लिए उच्च स्तर पर अवगत करवाया जाए।साथ ही, सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज होने वाले प्रकरणों का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में एडीएम प्रशासन रतन कुमार, एडीएम सिटी वंदना खोरवाल, सीईओ शिवपाल जाट, ओ.एस.डी यूआईटी मोहम्मद ताहिर, एसडीएम आव्हाद नि. सोमनाथ, सहित विद्युत, पेयजल, पीडब्ल्यूडी, एवं शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर 11 लाख की ठगी:

# आरोपियों ने एग्जाम, मेडिकल पास कराने की गारंटी ली, अब युवक को दे रहे धमकी

**सीकर।** सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। आरोपी अब पैसे लौटने से मना कर रहे हैं और युवक को उसका भविष्य खराब करने की धमकी दे रहे हैं। मामला सीकर के उद्योग नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस को दी रिपोर्ट में हेमंत चौधरी (24) निवासी भादवावासी, सीकर ने बताया कि वह सुबोध स्कूल लोहारू रेलवे लाइन के पास रहता था। उसके साथ उसका दोस्त लोकेश कुमार निवासी जहाजपुर, झुंझुनू भी रहता था। दोनों एक साथ एयरफोर्स की तैयारी करते थे। एक दिन लोकेश कुमार ने हेमंत चौधरी से कहा कि इसका एक रिश्तेदार है जो पैसे लेकर सरकारी नौकरी लगवाने का काम करता है। हेमंत चौधरी नौकरी की बातें सुनकर लोकेश कुमार के झांसे में आ गया और पैसे देकर नौकरी लगवाने के लिए हां कर दी। जिसके बाद लोकेश कुमार ने हेमंत से कहा कि मैं अपने रिश्तेदार को सीकर बुला लेता हूं। लोकेश कुमार ने अपने रिश्तेदार को सुबोध स्कूल के पास बुला लिया। तब हेमंत चौधरी अपने परिजनों को लेकर उनसे बात करने के लिए पहुंचा। तब दोनों ने युवक को





नौकरी लगवाने के लिए 15 लाख रुपए देने को कहा। आरोपी ने कहा कि एग्जाम से एक दिन पहले वह उन्हें 11 लाख रुपए दे देवें। जिसके बाद उसका एग्जाम, फिजिकल व मेरिट लिस्ट में नाम आ जाएगा। तब हेमंत चौधरी ने एग्जाम से 1 दिन पहले अलग-अलग किस्तों में आरोपियों को 11 लाख रुपए ऑनलाइन व कैश उन्हें दे दिए। जब मेरिट लिस्ट में हेमंत का नाम नहीं आया तो हेमंत चौधरी ने आरोपियों से पैसे वापस मांगे। तब आरोपियों ने कहा कि उनके पास कोई पैसे नहीं है। अगर वह उन पर दबाव बनाएंगे तो वह उसका करियर खराब कर देंगे। जिसके बाद युवक ने आरोपियों के खिलाफ नौकरी लगवाने का झांसा देकर पैसे हड़पने का मामला दर्ज कराया। हेमंत के पास लेनदेन के फोटो-वीडियो भी उपलब्ध है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश कर रहे है।

# जयपुर की होटल में 7 लाख का जुआ पकड़ा:सवाई माधोपुर-टोंक से आए थे जुआरी, रुम लॉक कर खेल रहे थे ताशपत्ती

नमस्ते राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर पुलिस ने एक होटल में दबिश देकर 7 जुआरियों को अरेस्ट किया है। वह सवाई माधोपुर-टोंक के जुआ खेलने जयपुर आए थे। होटल रुम लॉक कर ताशपत्ती से दाव लगा रहे जुआरियों से मिले 7 लाख रुपए जब्त किए गए है। प्रताप नगर थाना पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। डीसीपी (ईस्ट) कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया- जुआ खेलते आरोपी नादान सिंह (48) पुत्र मुन्नाराम निवासी सीबीआई कॉलोनी रामनगरिया, बहादुर सिंह (40) पुत्र भजनलाल गुर्जर निवासी बौंली



सवाई माधोपुर, सरफराज (43) पुत्र फैज मोहम्मद निवासी कोतवाली टोंक, श्याम लाल (27) पुत्र जगन्नाथ मीणा निवासी बामनवास सवाई माधोपुर, समीर खान (26) पुत्र शफीक खान निवासी कोतवाली टोंक, राजपाल मीणा (35) पुत्र बुद्धाराम मीणा निवासी मण्डावरी दौसा और बाबुलाल (50) पुत्र रामगोपाल मीणा निवासी कुण्डेरा सवाई माधोपुर को अरेस्ट किया गया है। पुलिस ने आरोपी जुआरियों के कब्जे से 7 लाख 2 हजार रुपए व ताशपत्ती बरामद की है। रविवार रात मुखबिर से सूचना पर प्रताप नगर इलाके में स्थित होटल में कुछ लोग ताशपत्ती पर रुपयों का दाव लगा रहे है। होटल के रुम में जुआ खेलने का पता चलने पर पुलिस टीम ने दबिश दी। लॉक रुम को खुलवाने पर सातों आरोपी जुआ खेलते मिले। पुलिस ने सातों आरोपियों को अरेस्ट कर मिली जुआ रकम जब्त की।

## जमीन विवाद को लेकर युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास:

# रढ ने रल्ड को किया लाइन हाजिर, कालाडेरा सरपंच के खिलाफ मामला दर्ज

नमस्ते राजस्थान

**चौमूं।** चौमूं में जमीन विवाद को लेकर परेशान एक युवक ने सरपंच और अन्य लोगों पर जमीन पर कब्जा करवाने का आरोप लगाते हुए आत्मदाह का प्रयास किया। इस दौरान आग की चपेट में आने से युवक 50 प्रतिशत तक झुलस गया। युवक को इलाज के लिए कालाडेरा अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से गंभीर हालत होने पर प्राथमिक इलाज के बाद जयपुर के एसएमएस अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। गोविन्दगढ़ सीओ राजेश जांगिड़ ने बताया कि कालाडेरा कस्बे के वार्ड नंबर 13 सुनार मोहल्ले में 117 गज के प्लॉट को लेकर महावीर प्रसाद शर्मा और सुभाष सैन के परिवार के बीच एक सप्ताह से विवाद चल रहा है। महावीर शर्मा और सुभाष सैन ने एक-दूसरे के खिलाफ कालाडेरा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जमीन विवाद से परेशान होकर सोमवार शाम साढ़े 6 बजे गोविंद देव मंदिर दिलीप सैन (35) पुत्र सुभाष सैन ने ज्वलनशील पदार्थ शरीर पर छिड़ककर आत्मदाह का प्रयास किया।



### सरपंच ने आरोपों को बताया निराधार

*कालाडेरा सरपंच अशोक शर्मा ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि दो पक्षों में जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। जिसमें एक पक्ष के महावीर शर्मा ने सुभाष सैन के खिलाफ ग्राम पंचायत में शिकायत की थी कि सुभाष सैन और अन्य लोग इस जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। इसको लेकर महावीर शर्मा ने शिकायत की थी। फिलहाल दोनों पक्षों का मामला थाने में है। मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है। पुलिस जांच कर रही है।*

### एसपी रात को पहुंचे कालाडेरा थाने

जयपुर ग्रामीण एसपी शांतनु कुमार रात साढ़े 11 बजे कालाडेरा पुलिस थाने पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। एसपी ने पीड़ित की ओर से तीन दिन पहले दी गई शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं करने के कारण कालाडेरा थाना प्रभारी नरेश कंवर को लाइन हाजिर किया है। एसपी ने गोविंदगढ़ सीओ राजेश जांगिड़ से पूरे मामले की जानकारी ली और युवक के आत्मदाह के प्रयास के मामले में निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है। गोविन्दगढ़ सीओ राजेश जांगिड़ ने बताया कि कालाडेरा कस्बे में महावीर प्रसाद शर्मा और सुभाष सैन के बीच जमीन विवाद को लेकर मामला चल रहा है। इस मामले को लेकर जांच की जा रही है। दिलीप सैन ने सोमवार शाम आत्मदाह का प्रयास किया था। जिसको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। सीओ ने बताया कि इस मामले में युवक दिलीप सैन की मां मुन्नी देवी ने कालाडेरा पुलिस थाने में कालाडेरा सरपंच अशोक शर्मा और महावीर शर्मा के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जांच के बाद ही पूरे मामले का खुलासा होगा। दूसरे पक्ष के महावीर शर्मा ने बताया कि यह हमारी पुश्तैनी जमीन है। इन लोगों ने जमीन पर जबरन कब्जा कर रखा है। हमें जमीन के अंदर नहीं जाने दिया।

चिंतन

# मणिपुर में शांति बहाली का त्वरित प्रयास हो

मणिपुर को राज्य के हालात के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता है। मुख्यमंत्री सचिवालय और राजभवन के बाहर छात्रों का आक्रामक प्रदर्शन छोटी घटना नहीं है। राज्यपाल के घर पर पथराव किया गया। राज्यों में ऐसी घटना न के बराबर होती है। हाल में हुए ड्रोन और मिसाइल हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर स्कूल-कॉलेज के हजारों छात्र सोमवार को इंफाल में सड़क पर उतर आए। प्रदर्शनकारी छात्र राज्य की 'क्षेत्रीय और प्रशासनिक अखंडता' की रक्षा करने की भी मांग कर रहे हैं। दरअसल, ड्रोन से विस्फोटक गिराए जाने और मिसाइल दागे जाने सहित अन्य हिंसक घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई और 12 से अधिक लोग घायल हो गए। इसी के विरोध में छात्र उग्र हैं व जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। बाद में प्रदर्शनकारी छात्रों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और राज्यपाल एल आचार्य से जरूर मुलाकात की है, लेकिन इस दौरान छह मांगे रखी हैं। मुख्यमंत्री ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की है, पर हालात बेकाबू जैसे ही हैं। छात्रों ने एकीकृत कमान का नेतृत्व केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के पूर्व महानिदेशक कुलदीप सिंह से लेकर मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के हाथों में सौंपने का आह्वान भी किया है। एकीकृत कमान राज्य में सुरक्षा अभियानों की देखरेख करती है और इसमें विभिन्न सुरक्षा एजेंसियां शामिल हैं। मणिपुर पिछले डेढ़ वर्ष से हिंसा की चपेट में है। मणिपुर हाईकोर्ट ने 27 मार्च 2023 को एक आदेश में राज्य सरकार से मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की बात पर जल्दी विचार करने को कहा था। इस आदेश के कुछ दिन बाद ही राज्य में जातीय हिंसा भड़क गई थी, जिसमें 200 से ज्यादा लोगों की जान चली गई। इस हिंसा की वजह से हज़ारों लोगों को बेघर भी होना पड़ा और सार्वजनिक संपत्ति का भी नुक़सान हुआ। राज्य के मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग को इस हिंसा की मुख्य वजह माना जाता है। इसका विरोध मणिपुर के पहाड़ी इलाक़ों में रहने वाले कुकी जनजाति के लोग कर रहे हैं। बाद में फ़रवरी 2024 में मणिपुर हाईकोर्ट ने अपने पिछले आदेश से उस अंश को हटा दिया था, जिसमें मैतेई समुदाय के लिए एसटी का दर्जा देने की सिफ़ारिश का ज़िक्र था। हिंसा से प्रभावित मैतेई और कुकी समुदाय के लोग अब भी बड़ी संख्या में राहत शिविरों में रह रहे हैं। हिंसा से प्रभावित कुछ लोगों को भागकर पड़ोसी राज्य मिज़ोरम में शरण लेनी पड़ी। पिछले साल ही गृहमंत्री अमित शाह ने मणिपुर का दौरा किया था, इस दौरान शांति कायम करने के प्रयास किए गए थे। चार दिन शांति रही थी, पर शाह के नई दिल्ली आते ही हिंसा भड़क गई थी। मणिपुर में मैतेई व कुकी समुदायों के बीच जारी तनाव व हिंसा की समाप्ति के लिए सार्थक वार्ता की जरूरत है। केवल सुरक्षा बलों के हवाले कर देने से बात नहीं बनेगी। सुरक्षा बल दायरे में ही आपना काम करते हैं, वे शांति बहाली का प्रयास कानूनी तौर तरीके से करते हैं, लेकिन मणिपुर के दोनों मुख्य समुदाय मैतेई व कुकी के बीच मनभेद ने जगह ले ली है, इसे दूर करने की जरूरत है, यह सौहार्द के प्रयास से होगा। इसके लिए केंद्र सरकर को गंभीरता से प्रयास करना होगा। मौजूदा एन बीरेन सिंह सरकार राज्य में शांति की स्थापना में सफल नहीं रही है। केंद्र सरकार ने सुरक्षा बलों की तैनाती कर स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश जरूर की है, लेकिन आवश्यकता इससे अधिक की है।



दिवस विशेष
आर.के. सिन्हा


# खुदकुशी की घटनाओं को रोकना होगा

> पिछले साल 6 दिसंबर को लोकसभा में बताया गया था कि देश में 2019 से 2021 के बीच 35,000 से ज़्यादा छात्रों ने आत्महत्या की। इसमें कोई शक नहीं है किसी भी हालत में किसी खास परीक्षा में सफल होने के लिए माता-पिता, अध्यापकों का भारी दबाव छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर घातक प्रभाव डाल रहा है। राजस्थान का एक शहर है कोटा। यहां पर हर साल एक अनुमान के मुताबिक लाखों छात्र-छात्राएं देश के शीर्ष कॉलेजों में से एक में प्रवेश पाने की उम्मीद में कोटा पहुंचते हैं। इनके जीवन का एक ही लक्ष्य होता है कि किसी तरह से आईआईटी या मेडिकल की प्रवेश परीक्षा को क्रैक कर लिया जाए। वहां मनोवैज्ञानिक रूप से बहुत कष्ट की स्थिति में हैं।

बीते सालों की तरह इस बार भी सारे देश ने 5 सितंबर को गर्मजोशी से अध्यापक दिवस मनाया। सोशल मीडिया पर तो अध्यापकों का उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया जा रहा था, पर अब सुधी अध्यापकों, मनोचिकित्सकों और अन्य जागरूक नागरिकों को यह भी सोचना होगा कि नौजवानों का एक बड़ा वर्ग निराशा और नाकामयाबी की स्थिति में अपनी जीवनलीला खत्म करने पर क्यों आमादा है। अब शायद ही कोई दिन ऐसा गुजरता हो जब अखबारों में किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवा के खुदकुशी करने संबंधी दिल दहलाने वाला समाचार न छपता हो। यह बेहद गंभीर मसला है और इस पर सारे देश को सोचना होगा। इसी तरह से आजकल बिजनेस में घाटा होने के कारण भी आत्महत्या करने वालों की तादाद लगातार बढ़ती ही जा रही है। अभी कुछ दिन पहले एक साइकिल बनाने वाली मशहूर कंपनी के अरबपति मालिक ने भी खुदकुशी कर ली थी।

पिछले साल 6 दिसंबर को लोकसभा में बताया गया था कि देश में 2019 से 2021 के बीच 35,000 से ज़्यादा छात्रों ने आत्महत्या की। छात्रों के खुदकुशी करने के मामले 2019 में 10,335 से बढ़कर 2020 में 12,526 और 2021 में 13,089 हो गए। इसमें कोई शक नहीं है किसी भी हालत में किसी खास परीक्षा में सफल होने के लिए माता-पिता, अध्यापकों और समाज का भारी दबाव और अपेक्षाएं छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर घातक प्रभाव डाल रही हैं। राजस्थान का एक शहर है कोटा। यहां पर हर साल एक अनुमान के मुताबिक, हजारों नहीं लाखों छात्र-छात्राएं देश के शीर्ष कॉलेजों में से एक में प्रवेश पाने की उम्मीद में कोटा पहुंचते हैं। इनके जीवन का एक ही लक्ष्य होता है कि किसी तरह से आईआईटी/एनआईटी या मेडिकल की प्रवेश परीक्षा को क्रैक कर लिया जाए। आप कोटा या फिर देश के किसी भी अन्य शहर में चले जाइए जहां पर मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों के साथ-साथ सिविल सेवाओं वगैरह के लिए कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। वहां छात्र अत्यधिक दबाव और असफलता के डर से मनोवैज्ञानिक रूप से बहुत कष्ट की स्थिति में हैं।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि हमें खुदकुशी के बढ़ते मामलों पर सिर्फ चिंता ही व्यक्त नहीं करनी। हमें इसे रोकना ही होगा। हमने युवाओं, कारोबारियों और अन्य लोगों के आत्महत्या करने के कारणों और इस समस्या के हल तलाशने के लिए विश्व आत्महत्या निवारण दिवस( 10 सितंबर) को राजधानी दिल्ली में एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया है, जहां पर मनोचिकित्सक, पत्रकार और सोशल वर्कर अपने अनुभवों के आधार पर अपने पेपर पढ़ेंगे। उन निष्कर्षों के बाद हम आगे की रणनीति बनाएंगे। कुछ कोचिंग सेंटर चलाने वाले भी इस तरह के प्रयास तो कर रहे हैं ताकि छात्र बहुत दबाव में न रहें। राजधानी के एक कोचिंग सेंटर के प्रमुख ने बताया कि हम छात्रों की लगातार काउंसलिंग भी करते रहते हैं। उनके अभिभावकों के भी संपर्क में रहते हैं। कहा जाता है कि भारत में दुनियाभर में सबसे अधिक युवा आत्महत्या दर है। इस बीच, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी)



के अनुसार, 2020 में हर 42 मिनट में एक छात्र ने अपनी जान दे दी। यह आंकड़ा सच में डराता है।

देखिए, नौजवानों को बिल्कुल रिलेक्स माहौल देना होगा माता-पिता और उनके अध्यापकों को, ताकि वे बिना किसी दबाव में पढ़ें या जो भी करना चाहते हैं, करें। हरियाणा के सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैंब्रिज स्कूल चलाने वाली दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी (डीबीएस) के अध्यक्ष और सोशल वर्कर ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि हम पूरी तरह से सुनिश्चित करते हैं कि हमारे स्कूल या सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे बिना किसी दबाव में पढ़ें-लिखें। हम अपने अध्यापकों की भी क्लास लेते हैं कि किसी भी बच्चे के साथ कक्षा में उसकी जाति न पूछी जाए और या न ही उसके पिता की आय। कुछ गैर-जिम्मेदार अध्यापक अपने विद्यार्थियों से इस तरह के गैर-जरूरी सवाल पूछते हैं। फिर वे एक ही कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों की एक-दूसरे से तुलना भी करने लगते हैं। इस कारण वे जाने-अनजाने एक बच्चे को बहुत सारे बच्चों से कमजोर साबित कर देते हैं। जाहिर है, इस वजह से उस छात्र पर बहुत नकारात्मक असर पड़ता है जो कमतर साबित कर दिया गया होता है। इसी तरह के बच्चे कई बार निराशा और अवसाद में डूब जाते हैं। देखिए, बच्चे को पालना एक बीस वर्षीय प्लान है। कौन नहीं चाहता कि उसका बच्चा समाज में ऊंचा मुकाम हासिल करे, शोहरत-नाम कमाए, पर इन सबके लिए ज़रूरी है कि बच्चे को उसकी काबिलियत और पसंद के अनुसार मनचाहा करियर चुनने की आज़ादी भी दी जाए। यह एक कड़वा सच है कि हमारे समाज में सफलता का पैमाना अच्छी नौकरी, बड़ा घर और तमाम दूसरी सुख-सुविधाएं ही मानी जाती हैं। अफसोस कि हम भविष्य के चक्कर में अपने बच्चों को आत्महत्या जैसे कदम उठाने पर मजबूर करने लगे हैं।

ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि हम अपने यहां बच्चों को इस बात के लिए तैयार करते हैं कि वे कठिन परिस्थितियों का भी सामना करें। असफलता से हार मान लेने से जीवन नहीं चलता। यह तो कायरता है। महान कवि पद्मभूषण डॉ. गोपाल दास नीरज की पंक्तियां याद आ रही हैं, "छुप- छुप अश्रु बहाने वालों, जीवन व्यर्थ लुटाने वालों, इक सपने के मर जाने से, जीवन नहीं मरा करता है।" सफलता और असफलता का चक्र तो चला करता है। उसे स्वीकार करने में ही भला है । जैसा कि ऊपर जिक्र किया कि बीते दिनों एक अरबपति बिजनेसमैन ने राजधानी के अपने भव्य बंगले में गोली मारकर सुसाइड कर लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। कहा जा रहा है कि बिजनेस में नुकसान होने के कारण ही साइकिल बनाने वाली कंपनी के मालिक ने आत्महत्या की। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों से पता चला है कि 2020 में, जब कोविड की लहर ने व्यापार को तबाह कर दिया था, तब 11,716 व्यापारियों ने आत्महत्या की थी, जो 2019 की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक थी, जब 9,052 व्यापारियों ने अपनी जान ले ली थी।

कर्नाटक में 2020 में व्यवसायियों द्वारा आत्महत्या से सबसे अधिक मौतें (1,772) दर्ज की गईं जो 2019 से 103 प्रतिशत अधिक है, जब राज्य में 875 व्यवसायियों ने अपनी जान ले ली थी। महाराष्ट्र में 1,610 व्यवसायियों ने आत्महत्या की, जो पिछले वर्ष से 25 फीसदी अधिक है, और तमिलनाडु में 1,447 की मृत्यु हुई, जो 2019 से 36 प्रतिशत अधिक है। यह सबको पता है कि भारत के व्यवसायी समुदाय का बड़ा हिस्सा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों से जुड़ा है, जो बड़े झटकों को सहन नहीं कर पाता है। इसके चलते कई कारोबारियों ने कर्ज में डूबने या बिजनेस में नुकसान के कारण आत्महत्या कर ली। लब्बो लुआब यह है कि भारत में युवाओं और कारोबारियों के साथ-साथ अन्य लोगों के आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं को भी प्रभावी ढंग से रोकना ही होगा।

(लेखक पूर्व भाजपा सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

विशेष
गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर



# आत्महत्या के विचार आते हों तो क्या करें?


आत्महत्या की प्रवृत्ति, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा एक गंभीर विषय है। लोग अक्सर अवसाद या अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में बात नहीं करते हैं। जैसे लोग मधुमेह जैसी शारीरिक बीमारियों के बारे में खुलकर बात करते हैं, उसी तरह से मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर भी चर्चा करने में संकोच नहीं करना चाहिए। हमें लोगों को उनके मानसिक स्वास्थ्य के विषय में बात करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। हमें अपनी युवा पीढ़ी को यह भरोसा दिलाना होगा कि वे अकेले नहीं हैं। समाज में मानवीय मूल्य और मानवता की कोई कमी नहीं है और उनकी सहायता के लिए बहुत से लोग हैं। यह भरोसा सिर्फ़ युवाओं के लिए ही नहीं है; बल्कि दिन भर घर में काम करते हुए एकाकी जीवन जीने वाली गृहणियों सहित समाज के अन्य सभी वर्गों के लिए है। इसके अलावा, भले ही दूसरे लोग अपनी समस्याओं के विषय में बात न करें, फिर भी हम इस विषय में सतर्क रहकर बदलाव ला सकते हैं। जब आप किसी को उदास देखें, तो बस यूं ही उनके बगल से न गुजर जाएँ। रुकें और उनसे पूछें, "अरे, क्या बात है? क्या मैं आपकी मदद कर सकता हूँ?" लोगों से जुड़ना और उनकी सहायता करना बहुत जरूरी है। ऐसा करके हम कई लोगों के दिल और दिमाग को हल्का कर सकते हैं।

कुछ साल पहले 2014 में, हमने एक "हैप्पीनेस सर्वे" शुरू किया था। हमारे स्वयंसेवक घर-घर गए और उन्होंने लोगों से उनकी खुशी और उनकी समस्याओं के बारे में कुछ सवाल पूछे। जब हमारे स्वयंसेवक, दूसरे लोगों से यह प्रश्न पूछते थे, तो लोगों को बहुत राहत महसूस होती थी। एक महिला ने हैप्पीनेस सर्वे की प्रतिक्रिया में बताया कि पहली बार किसी ने उससे पूछा कि "क्या वह खुश है और क्या उसे किसी चीज़ की जरूरत है।" दरअसल बातचीत करने के पहले वह बहुत भावुक और दुखी महसूस कर रही थी। तो यह कुछ ऐसा है जिसके लिए पूरे समाज को तत्पर रहना चाहिए और एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए। हमने यह देखा है कि जब लोग इस तरह के अवसाद या आत्महत्या जैसे मनोभाव से गुजर रहे होते हैं, उस समय हमारे प्राणशक्ति के स्तर में वृद्धि बहुत सहायता करती है। जब लोग उदास महसूस करते हैं, तो उनकी प्राण ऊर्जा अक्सर समाप्त हो जाती है, जिससे उनमें अवसाद और आत्महत्या के विचार आ सकते हैं। ऐसी परिस्थितियों में व्यायाम का अभ्यास कुछ हद तक मदद कर सकता है लेकिन यह थकान भी पैदा कर सकता है। इसलिए जिन लोगों को व्यायाम करना कठिन या उबाऊ लगता है, उनके लिए योग और ध्यान, बिना थकाए प्राण स्तर को बढ़ाने में कारगर हैं। प्राणस्तर को बढ़ाने में संगीत भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब हमारे भीतर प्राणशक्ति अधिक होती है, तब नकारात्मक विचार आने की संभावना कम हो जाती है। खुशी अक्सर विस्तार की भावना से जुड़ी होती है। जब हमारी प्रशंसा होती है, तो हमारे भीतर विस्तार की भावना होती है। इसके विपरीत, अपमान हमें संकुचित महसूस कराता है। योग विज्ञान के अनुसार, चेतना में विस्तार और संकुचन की इस अनुभूति को समझना महत्वपूर्ण है। संगीत, खुशमिजाज लोगों या बच्चों के साथ समय बिताना , नृत्य और ध्यान जैसी गतिविधियों में शामिल होना, ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने में मदद कर सकता है।

इसके अतिरिक्त, योग और ध्यान जैसी क्रियाएँ व्यक्ति की मानसिक स्थिति, ऊर्जा के स्तर और जीवन की समग्र गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार कर सकती हैं। ये अभ्यास कम ऊर्जा और अरुचि की भावनाओं को दूर करने में मदद करते हैं, जो हमें एक बेहतर और जीवंत जीवन की ओर अग्रसर करता है। जब भी किसी के मन में कोई नकारात्मक विचार आये या मन भारी लगे तो उन्हें चाहिए कि बाहर निकलें और ज़रूरतमंद लोगों से बात करें और उनसे पूछें कि "वे उन ज़रूरतमंद लोगों के लिए क्या कर सकते हैं।" केवल इस बात की सजगता कि वे यहाँ कई दूसरे लोगों की मदद करने के लिए आए हैं, उन्हें तुरंत सकारात्मक विचारों से भर देगी । इसलिए ऐसे लोगों को किसी न किसी सेवा परियोजना में भाग लेना चाहिए। फिर वे देखेंगे कि उनके पास ऐसे नकारात्मक विचारों के लिए समय ही नहीं है। तो सुबह उठें और दिन भर ज़रूरतमंद लोगों की सेवा में व्यस्त रहें । इस तरह से वे रात तक थक जाएंगे और जब वे फिर बिस्तर पर जायेंगे और अच्छी गहरी नींद ले सकेंगे ।

जब आप खाली हों, तो ध्यान करें। यदि आपको बार-बार ऐसे विचार आ रहे हैं, तो इसका अर्थ है कि आप पर्याप्त व्यायाम नहीं कर रहे हैं; आपको जॉगिंग करनी चाहिए। इससे आपके शरीर में बेहतर रक्त संचार होगा। इसके अलावा, ज्ञानवर्धक किताबें पढ़ें। भगवद गीता, उपनिषद या कोई प्रेरणादायी नोटबुक हर दिन पढ़ें, चाहे सिर्फ़ एक पेज ही क्यों न हो। अगर आप खुद को ज्ञान, संगीत और सेवा में व्यस्त रखेंगे, तो ये विचार बार-बार नहीं आएंगे।


## विद्यार्थियों का जीवन बहुत खास



संकलित
दर्शन

आचार्य चाणक्य के अनुसार विद्यार्थियों का जीवन बहुत खास होता है। इस उम्र में किए गए प्रयासों से उज्ज्वल भविष्य का निर्माण किया जाता है। ऐसे में विद्यार्थियों को किसी भी कार्य के प्रति आलस नहीं करना चाहिए। इसकी वजह से इंसान धीरे-धीरे असफलता की ओर चला जाता है। जीवन में कभी भी अपने गुरु का अपमान नहीं करना चाहिए। गुरु विद्यार्थियों को ज्ञान और बुद्धि की ओर ले जाते हैं। यही नहीं जीवन को सही मार्ग दिखाने में गुरु की अहम भूमिका होती है। इसलिए हमेशा अपने गुरु का सम्मान करना चाहिए। चाणक्य के अनुसार विद्यार्थियों का जीवन हमेशा अनुशासित होना चाहिए। उन्हें नियमित रूप से सभी कार्यों को पूरा करते हुए, लक्ष्य की योजना का निर्माण करना चाहिए। जीवन में अनुशासन होने से न केवल सकारात्मक परिणाम मिलते हैं, बल्कि समाज में भी मान-सम्मान की प्राप्ति होती है। 'लालच बुरी बला' ये पंक्ति तो आप सभी ने सुनी होगी। इसका अर्थ है कि लालच एक बूरी बला है, जिससे हमेशा नुकसान होता है। लालच के मार्ग पर आने से छात्रों की मेहनत में कमी आने लगती है, जो सफलता में बाधा बनती हैं। आचार्य चाणक्य के अनुसार जीवन में कामयाबी हासिल करने के लिए हमेशा कठोर परिश्रम करना चाहिए, लालच का मार्ग आपको दूसरों से पीछे करता है। चाणक्य के अनुसार विद्यार्थियों को लक्ष्य पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। साथ ही उन्हें पूरा करने के लिए हमें निरंतर कोशिश करते रहना चाहिए।


## विपरीत परिस्थितियों का करें सामना



संकलित
प्रेरणा

बहुत पुरानी बात है। भगवान बुद्ध एक नगर में कुछ दिनों के प्रवास पर थे। उनके साथ कुछ शिष्य भी थे। जिस स्थान पर बुद्ध ठहरे हुए थे, वहां वे रोज प्रवचन देते थे। एक दिन उनके शिष्य प्रवचन सुनने के बाद भ्रमण के लिए नगर में गए। वहां लोगों ने उन्हें बहुत बुरा-भला कहा। उनकी बातें सुनकर शिष्यों को बुरा लगा और वे नगर भ्रमण को बीच में ही छोड़ कर आश्रम में लौट आए। महात्मा बुद्ध ने उन्हें यों गुस्से में देखा तो पूछा कि वे सब तो नगर भ्रमण के लिए गए थे। इतनी जल्दी कैसे वापिस आ गए और इतने क्रोध और तनाव में क्यों दिख रहे हैं? इस पर एक शिष्य ने बुद्ध से कहा, 'हमें इस स्थान से तुरंत चले जाना चाहिए। यहां के लोग बहुत बुरे हैं। हम अभी नगर भ्रमण के लिए गए थे। यहां के लोगों ने बिना किसी वजह के हमें बहुत बुरा-भला कहा। जहां हमारा सम्मान नहीं हो, वहां हमें एक पल के लिए भी नहीं ठहरना चाहिए। यहां के लोग शालीन नहीं हैं। वे सिर्फ दुर्व्यवहार करने के अलावा और कुछ नहीं जानते।' बुद्ध ने मुस्कुराते हुए कहा, 'हम यहां से दूसरी जगह चले जाएंगे लेकिन क्या तुम यह विश्वास के साथ कह सकते हो कि वहां हमारे साथ अच्छा व्यवहार होगा।' इस पर शिष्य ने कहा कि यहां से तो अच्छा ही व्यवहार होगा। शिष्य के जवाब को सुनकर बुद्ध ने कहा, 'किसी जगह को सिर्फ इसलिए छोड़ देना कि वहां के लोग बुरे हैं, वे हमारे साथ दुर्व्यवहार करते हैं, एक संत के लिए उचित नहीं है। जबकि संतों का तो काम ही यही है कि वे बुराई को दूर करें, न कि उससे डर कर भागें।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### अमृत की बूंदें संभालना जरूरी

कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के पंचायत प्रधानों को खत लिखकर अनुरोध किया था कि वे सब आने वाले बरसात के मौसम में जल संग्रहण करें, यह प्रधानमंत्री की प्रशंसनीय सलाह थी। नदी और जल के प्राकृतिक संसाधनों के सरताज देश में आज भी बहुत से क्षेत्र पीने वाले साफ पानी और सिंचाई के लिए तरसते हैं। देश की कृषि का बहुत बड़ा हिस्सा सिंचाई के लिए बारिश पर निर्भर है। लेकिन जरूरी नहीं कि हर घर को नल से जल पहुंचाने के लिए नदियों का ही सहारा लिया जाए। हमारे देश में जल के प्राकृतिक स्रोत भी बहुत हैं और बरसात में बारिश भी खूब होती है। वर्षा के जल को संभालकर रखने से देश की प्यास बुझाई जा सकती है और सिंचाई भी की जा सकती है। गिरते भूजल स्तर को कुछ हद तक सुधारने के लिए बारिश के पानी को संभालना बहुत जरूरी है। – *चंचल कुमार साहू*

### ट्रेंड

#### स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का स्वागत



लोकतंत्र में राज्यों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का हमेशा स्वागत है। हालांकि, अपनी बात रखने के लिए राज्यों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करना संविधान के मूल्य के खिलाफ है। एनईपी 2020 को विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया था। इसमें भारत के लोगों का सामूहिक ज्ञान है।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

#### सूडान को चाहिए मदद



हम सूडान के लोगों को विफल नहीं कर सकते। सूडान को अब क्या हिए। मानवीय पीड़ा को दूर करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समर्थन में वृद्धि, सभी जरूरतमंद सूडानी लोगों को सहायता पहुंचाने के लिए निर्बाध और सबसे बढ़कर, तत्काल युद्धविराम।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

#### विचारों की बहुलता है भारत



आरएसएस का मानना है कि भारत एक विचार है और हमारा मानना है कि भारत विचारों की बहुलता है। हमारा मानना है कि हर किसी को भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए और उनकी जाति, धर्म की परवाह किए बिना जगह दी जानी चाहिए।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

#### उत्पादन बढ़ाते रहना होगा



परंपरागत रूप से, राष्ट्रीय सुरक्षा रक्षा क्षमता के बारे में है। आज, यह आर्थिक बुनियादी बातों के बारे में भी है। ऊर्जा और संसाधनों जैसे महत्वपूर्ण इनपुट के लिए आयात पर निर्भर रहना जोखिम भरा है। हमें उत्पादन बढ़ाते रहना होगा, कोई विकल्प नहीं है।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति




### करंट अफेयर

## किसानों को आधार की तरह अब विशिष्ट पहचान पत्र


कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी ने सोमवार को कहा कि कृषि क्षेत्र को डिजिटल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए सरकार जल्द ही देशभर के किसानों का पंजीकरण शुरू करेगी ताकि उन्हें आधार के समान एक विशिष्ट पहचान पत्र (आईडी) प्रदान की जा सके। ऑउटलुक एग्री-टेक समिट और स्वराज अवाड्‌र्स के मौके पर पीटीआई-भाषा से बात करते हुए चतुर्वेदी ने कहा कि पंजीकरण प्रक्रिया के लिए दिशानिर्देश जल्द ही जारी किए जाएंगे, जिसका कार्यान्वयन अक्टूबर के पहले सप्ताह में शुरू होगा। सचिव ने कहा, हमारा लक्ष्य अगले साल मार्च तक पांच करोड़ किसानों को पंजीकृत करना है।'' उन्होंने कहा कि यह पहल सरकार के 2,817 करोड़ रुपये के डिजिटल कृषि मिशन का हिस्सा है जिसे हाल ही में मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि पहले महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में एक प्रायोगिक परियोजना चलाई गई थी और 19 राज्य पहले ही इस परियोजना पर काम कर चुके हैं। किसानों की रजिस्ट्री बनने के बाद, प्रत्येक पंजीकृत किसान को 'आधार जैसी विशिष्ट आईडी' प्रदान की जाएगी। चतुर्वेदी ने कहा कि विशिष्ट आईडी किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और किसान क्रेडिट कार्ड कार्यक्रम सहित विभिन्न कृषि योजनाओं तक बिना किसी परेशानी के पहुंचने में मदद करेगी।



### ऑफ बीट

## मलेशिया में बच्चा न पैदा करने वाले दंपतियों की बढ़ती संख्या

शादी के बाद बच्चा न करने वाले लोगों की बढ़ती संख्या ने खासतौर से मलय समुदाय के बीच तीखी बहस शुरू कर दी है। यह मलेशिया के सार्वजनिक विमर्श पर गहरे धार्मिक प्रभाव को दर्शाता है। वर्ष 2024 के मध्य में मलेशिया की मलय भाषा के सोशल मीडिया मंचों पर ऐसी शादी की बढ़ती प्रवृत्ति पर गहन बहस चल रही थी, जिसमें दंपति जानबूझकर बच्चे पैदा नहीं करने का विकल्प चुनते हैं। इस विषय ने तब तूल पकड़ लिया जब दंपतियों ने संतान मुक्त जीवन जीने के बारे में कहानियां साझा कीं। देश के धार्मिक प्राधिकरणों और मंत्रियों ने भी इस बहस में हिस्सा लिया। धार्मिक मामलों के मंत्री मोहम्मद नईम मुख्तार ने दावा किया कि संतान न पैदा करने की प्रवृत्ति इस्लाम की शिक्षाओं के विपरीत है और उन्होंने कुरान की आयतों का हवाला देकर इस्लाम में परिवार के महत्व पर जोर दिया। बच्चे न पैदा करने की जीवन शैली इस्लामी शिक्षाओं के विपरीत हैं क्योंकि यह पैगंबर मुहम्मद की सुन्नत (कहावतों और शिक्षाओं) के खिलाफ है, जिन्होंने बच्चे पैदा करने को प्रोत्साहित किया था और केवल जिम्मेदारी से बचने के लिए बच्चे पैदा करने से बचना इस्लाम में मकरूह (हतोत्साहित) माना जाता है। 'फेडरल टेरिटरीज मुफ्ती ऑफिस' ने कहा कि स्वास्थ्य जोखिमों के कारण बच्चे पैदा न करने की अनुमति है।



# भाजपा की निंदा भारत की निंदा नहीं : कांग्रेस

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस ने अमेरिका में राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी के हमले पर पलटवार करते हुए मंगलवार को कहा कि भाजपा तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की निंदा भारत की निंदा नहीं है। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि मुख्य विपक्षी दल के रूप में जब कांग्रेस भारत में सरकार की आलोचना करती है, तो पूरी दुनिया सुनती है तथा जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'कपड़ों से पहचानने' की बात करते हैं और हिंदू-मुसलमान करते हैं, तब भी पूरा विश्व सुनता है।



- कहा, इसे लेकर भाजपा और नरेंद्र मोदी को गलतफहमी नहीं होनी चाहिए

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, भाजपा कबसे भारत हो गई कि भाजपा की निंदा करने का मतलब भारत की निंदा करना है। भाजपा या नरेन्द्र मोदी को यह गलतफहमी नहीं होनी चाहिए कि उनकी निंदा करना भारत की निंदा करना है। यह धारणा गलत है। खेड़ा ने कहा, 'भारत के राष्ट्र निर्माताओं की निंदा जब ये (प्रधानमंत्री) करते हैं, तो किसकी निंदा करते हैं? उस समय हम इनकी नीतियों की निंदा करेंगे, सवाल उठाएंगे, हमारा काम है। इनको क्या आपत्ति है।'

उन्होंने कहा, 'जहां तक बात चुनावों की निष्पक्षता की है, तो एक स्वतंत्र संस्था ने अपने आंकड़े रखे कि कैसे 79 लोकसभा सीट पर गड़बड़ हुई। अचानक वोट बढ जाता है, यह बात सबके सामने है।' खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने के बाद जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

## मुख्यमंत्री बदलने का सवाल ही नहीं : परमेश्वर



**बेंगलुरु (भाषा)।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने मंगलवार को कहा कि कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की स्थिति में कांग्रेस के कुछ नेता मुख्यमंत्री पद के लिए दावा कर सकते है, लेकिन इस समय मुख्यमंत्री बदलने का कोई सवाल ही नहीं है। प्रदेश में यह चर्चा उस समय शुरू हुई जब मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने एमयूडीए भूखंड आवंटन मामले में उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के राज्यपाल के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। इस बीच ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस नेता नेतृत्व परिवर्तन की स्थिति में मुख्यमंत्री बनने की दौड़ में शामिल होने की तैयारी कर रहे है, तथा उनमें से कई ने खुले तौर पर अपनी इच्छा व्यक्त भी की है।

संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे कुछ लोग बस यही कह रहे है कि अगर उन्हें मौका मिला तो वे (मुख्यमंत्री) बन जाएंगे, आप उनसे यह स्वतंत्रता नहीं छीन सकते है? लेकिन ऐसी बातें तब व्यक्त की जानी चाहिए जब स्थिति उत्पन्न हो, लेकिन अभी ऐसी स्थिति नहीं है।

# शशि थरूर को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर को राहत देते हुए उनकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए की गई एक कथित टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ दर्ज मानहानि के मुकदमे में एक निचली अदालत में कार्यवाही पर मंगलवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति आर माधवन की पीठ ने मामले में दिल्ली सरकार और शिकायतकर्ता एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता राजीव बब्बर को नोटिस जारी किया। थरूर को दिल्ली उच्च न्यायालय के एक आदेश के अनुसार मंगलवार को यहां एक निचली अदालत में पेश होना था।



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर टिप्पणी मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक

पीठ ने कहा, नोटिस जारी किया जाता है और चार सप्ताह में जवाब देने को कहा जाता है। इस बीच, आगे की कार्यवाही पर रोक लगायी जाती है। थरूर ने उनके खिलाफ मानहानि की कार्यवाही निरस्त करने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ 29 अगस्त को शीर्ष न्यायालय का रुख किया था। सुनवाई के दौरान थरूर की ओर से पेश वकील मोहम्मद अली खान ने कहा कि मामले में शिकायतकर्ता को पीड़ित पक्ष नहीं कहा जा सकता और राजनीतिक दल के सदस्यों को भी पीड़ित पक्ष नहीं कहा जा सकता। खान ने कहा कि थरूर की टिप्पणी मानहानि कानून के प्रतिरक्षा खंड के तहत संरक्षित है, जो यह निर्धारित करता है कि अच्छी सोच के साथ दिया गया बयान आपराधिक नहीं है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने अस्वीकार्य सीमाओं तक मानहानि के किसी मामले में 'पीड़ित व्यक्ति' की परिभाषा का विस्तार किया है। वकील ने कहा कि थरूर ने टिप्पणी करने से छह साल पहले कारवां पत्रिका में प्रकाशित एक लेख का संदर्भ दिया था।

शीर्ष न्यायालय ने हैरानी जतायी कि 2012 में यह बयान अपमानजनक नहीं था जब लेख मूल रूप से प्रकाशित हुआ था। न्यायमूर्ति रॉय ने सुनवाई के दौरान कहा, आखिरकार यह एक रूपक है। मैंने समझने की कोशिश की है।

# राहुल गांधी की टिप्पणी भयावह : भाजपा

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** भारतीय जनता पार्टी ने अमेरिका में सिख समुदाय के बारे में राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष विदेश में 'संवेदनशील मुद्दों' पर बोलकर 'खतरनाक विमर्श' गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। उनकी टिप्पणी भयावह है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिह पुरी ने यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल की टिप्पणी 'भयावह' है क्योंकि उन्होंने अपनी रोटियां सेकने के लिए विदेशों में रह रहे सिख समुदाय के सदस्यों के बीच झूठ फैलाने की कोशिश की। सिख समुदाय से ताल्लुक रखने वाले भाजपा नेता ने कहा, 'सिखों के पगड़ी और कड़ा पहनने के बारे में उनके द्वारा की गई टिप्पणी की मै कड़े शब्दों में निदा करता हूं।'



- कहा, विदेश में 'संवेदनशील मुद्दों' पर बोलकर 'खतरनाक विमर्श' गढ़ने का का प्रयास कर रहे नेता प्रतिपक्ष

कांग्रेस के शासनकाल में हुए 1984 के सिख विरोधी दंगों का जिक्र करते हुए पुरी ने कहा, 'हमारे इतिहास में अगर कोई समय रहा है जब एक समुदाय के रूप में हमने चिता, असुरक्षा की भावना और अस्तित्व के खतरे को महसूस किया है तो यह ऐसा समय था जब राहुल गांधी का परिवार सत्ता में था। उन्होंने कहा, 'वर्ष 1984 में सिख समुदाय के खिलाफ नरसंहार किया गया था। 3,000 निर्दोष लोग मारे गए। लोगों को घसीटकर उनके घरों से बाहर निकाला गया, उनके गले में टायर डालकर जिदा जला दिया गया।'

वाशिंगटन के वर्जीनिया उपनगर में हर्नडॉन में भारतीय अमेरिकी समुदाय के सैकड़ों लोगों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कुछ धर्मो, भाषाओं और समुदायों को अन्य की तुलना में कमतर मानता है। उन्होंने कहा कि भारत में राजनीति के लिए नहीं बल्कि इसी बात की लड़ाई लड़ी जा रही है। उन्होंने कहा, सबसे पहले आपको यह समझना होगा कि लड़ाई किस बारे में है। लड़ाई राजनीति के बारे में नहीं है।

## कांग्रेस ने माधवी पर महिंद्रा एंड महिंद्रा से लाभ लेने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि सेबी की प्रमुख माधवी पुरी बुच की 'अगोरा एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड' कंपनी में उस समय 99 प्रतिशत हिस्सेदारी थी जब यह परामर्शदाता कंपनी 'महिंद्रा एंड महिंद्रा' ग्रुप को सेवा प्रदान कर रही थी। मुख्य विपक्षी दल ने यह दावा भी किया कि माधवी के सेबी की पूर्णकालिक सदस्य रहते उनके पति धवल बुच को साल 2019-21 के बीच महिंद्रा एंड महिंद्रा से 4.78 करोड़ रुपये मिले।

उधर, महिंद्रा एंड महिंद्रा ने कांग्रेस के आरोपों को असत्य और भ्रामक करार देते हुए कहा कि उसने कभी भी सेबी से तरजीह के लिए अनुरोध नहीं किया तथा धवल बुच की सेवा उनके वैश्विक अनुभव को देखते हुए सिर्फ आपूर्ति श्रृंखला के लिए ली गई थी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को माधवी की इस हिस्सेदारी के बारे में जानकारी थी? रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित निर्णयों के संदर्भ में यह है हमारे ताजा खुलासे जिसमें अदाणी समूह द्वारा किए गए प्रतिभूति कानूनों के उल्लंघन की जांच कर रही सेबी प्रमुख खुद सवालों के घेरे में है।'

# पीएसी बैठक में उठा सेबी अध्यक्ष के कथित भ्रष्टाचार का मामला

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** लोकलेखा समिति में मंगलवार को सेबी अध्यक्ष माधवी बुच का मामला उठाया गया। तृणमूल कांग्रेस के नेता सौगत रॉय ने (पीएसी) के समक्ष तलब करने की मांग की। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने नियमों को हवाला देकर इसका विरोध किया। पीएसी की बैठक जल जीवन मिशन के कामकाज के ऑडिट करने के लिए बुलाई गई थी। लेकिन सौगत रॉय ने सेबी अध्यक्ष के हितों के टकराव का मामला उठाया और कहा कि बुच को समिति के सामने पेश होना चाहिए।



- सौगत रॉय ने सेबी प्रमुख को तलब करने मांग की
- भाजपा सांसद निशिकांत ने विरोध किया

सूत्रों ने बताया कि भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने इस मांग पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह नियमों के खिलाफ है। बैठक में दुबे ने कहा कि सीएजी के प्रधान लेखा परीक्षक केंद्र सरकार के आदेश के बिना सेबी का ऑडिट नहीं कर सकते है, इसलिए पीएसी भी नियामकों के अधिकारियों को वित्त संबंधी खामियों के सबूत के बिना नहीं बुला सकती। सूत्रों का कहना है कि दुबे ने कहा था कि सबसे पुरानी संसदीय समिति होने के नाते पीएसी के अपने परिभाषित नियम है और यदि स्वतः संज्ञान लेना है तो उसे साक्ष्य के साथ प्रमाणित करना होगा।

अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने सबसे पहले बुच के खिलाफ हितों के टकराव का आरोप लगाया था। सेबी में रहते हुए बुच ने अडानी और समूहों के शेयर खरीदे और उनसे अबांछित लाभ लिया। कांग्रेस इसको लेकर माधवी पर लगातार हमले कर रही है।

# अनुसंधान के लिए नहीं होगी संसाधनों की कमी

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के अनुसंधानकर्ताओं व वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि वह वैश्विक समस्याओं के स्थानीय समाधान पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने वैज्ञानिकों को विश्वास दिलाया कि देश में अनुसंधान के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि अनुसंधान को मौजूदा समस्याओं के नए समाधान खोजने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समस्याएं वैश्विक प्रकृति की हो सकती है, लेकिन उनका समाधान भारतीय जरूरतों के हिसाब से स्थानीय होना चाहिए।



- कहा, वैश्विक समस्याओं के स्थानीय समाधान पर ध्यान केंद्रित करें वैज्ञानिक
- पीएम ने की अनुसंधान नेशनल रीसर्च फाउंडेशन के शासी निकाय की पहली बैठक की अध्यक्षता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अनुसंधान नेशनल रीसर्च फाउंडेशन के शासी निकाय की पहली बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में भारत के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिदृश्य तथा अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों को फिर से तैयार करने पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने इस बैठक को अनुसंधान क्षेत्र में एक नई शुरुआत बताते हुए देश के अनुसंधान परितंत्र में बाधाओं की पहचान करने और उन्हें दूर करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बड़े लक्ष्य निर्धारित करने, उन्हें हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करने और पथ-प्रदर्शक अनुसंधान करने की बात कही। प्रधानमंत्री ने संस्थानों के उन्नयन और मानकीकरण की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने विशेषज्ञता के आधार पर विषय विशेषज्ञों की सूची तैयार करने का सुझाव दिया। उन्होंने एक डैशबोर्ड विकसित करने की भी बात की, जहां देश में हो रहे शोध और विकास से जुड़ी जानकारी का आसानी से पता लगाया जा सके।

प्रधानमंत्री ने अनुसंधान और नवाचार के लिए संसाधनों के उपयोग की वैज्ञानिक निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया। अटल टिंकरिंग प्रयोगशालाओं के सकारात्मक प्रभावों पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि इन प्रयोगशालाओं की ग्रेडिंग की जा सकती है। उन्होंने पर्यावरण परिवर्तन के लिए नए समाधान, ईवी के लिए बैटरी सामग्री, प्रयोगशाला में उत्पन्न किए गए हीरे आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान पर भी चर्चा की। बैठक के दौरान, अनुसंधान नेशनल रीसर्च फाउंडेशन के बोर्ड ने अनुसंधान में प्रारंभिक अवस्था वाले विश्वविद्यालयों को मेंटरशिप मोड में शीर्ष स्तरीय स्थापित संस्थानों के साथ जोड़कर हब और स्पोक मोड में एक कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया गया। बोर्ड ने प्रमुख क्षेत्रों में भारत की वैश्विक स्थिति, राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ अनुसंधान एवं विकास में सुसंगत तालमेल बनाना, समावेशी विकास को बढ़ावा देना, क्षमता निर्माण, वैज्ञानिक प्रगति और नवाचार परितंत्र को बढ़ावा देना, साथ ही उद्योग-अनुकूल ट्रांसलेशनल अनुसंधान के माध्यम से शैक्षणिक अनुसंधान और औद्योगिक अनुप्रयोगों के बीच की कमी आदि पर चर्चा की।

## सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को भारत लाए वाहन उद्योग

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटर वाहन विनिर्माता उद्योग के प्रतिनिधियों से वैश्विक स्तर पर अपनाए जाने वाले सर्वोत्तम तौर-तरीकों को भारत में लाने और हरित व स्वच्छ परिवहन पर काम करने का मंगलवार को आह्वान किया। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के वार्षिक सम्मेलन के लिए अपने लिखित संबोधन में मोदी ने कहा कि मोटर वाहन उद्योग आर्थिक वृद्धि को अधिक बढ़ावा देगा।

उन्होंने कहा, जैसा कि हम 2047 तक विकसित भारत के अपने सामूहिक लक्ष्य की ओर बढ़ रहे है, मुझे विश्वास है कि सियाम जैसे संगठन सभी हितधारकों को एक साथ लाना जारी रखेंगे और इस मिशन की गति दोगुनी करने में अहम भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भविष्य की मांग है कि देश की प्रगति तेज होने के साथ ही सतत भी हो।

# जलवायु परिवर्तन दुनिया की चिंता का सबसे बड़ा विषय : योगी

**लखनऊ (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि देश-दुनिया की चिंता का सबसे बड़ा विषय जलवायु परिवर्तन है और अनियंत्रित व अनियोजित विकास मानवता के सामने संकट खड़ा कर चुका है।



- मुख्यमंत्री ने 647 वन रक्षकों/वन्यजीव रक्षकों व 41 अवर अभियंताओं को बांटे नियुक्ति पत्र

उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के जरिये चयनित 647 वन रक्षकों/वन्यजीव रक्षकों व 41 अवर अभियंताओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद श्री योगी ने कहा कि असमय बारिश, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि हो रही है। एक ही समय पर कहीं सूखा तो कहीं बाढ़ आई है। कहीं अतिवृष्टि तो कहीं लोग एक बूंद जल के लिए तरस रहे है। दोनों नुकसानदायी हैं। आज हम सब जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों के भुक्तभोगी हैं। नवनियुक्त वन व वन्य जीव रक्षक यदि ईमानदारी से कार्य करेंगे तो जलवायु परिवर्तन का दुष्प्रभाव कम करने में बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पहले परीक्षा के बाद फाइनल नियुक्ति पत्र मिलने में एक वर्ष लग जाता था, लेकिन अब बिना विलंब किए नई प्रतिबद्धता के साथ सरकार ने आपको छह महीने/एक वर्ष से पहले नियुक्ति पत्र प्रदान किया है।

भर्ती की प्रक्रिया शुरू होने से लेकर नियुक्ति पत्र वितरण तक कहीं भी सिफारिश व लेनदेन की नौबत नहीं आई। आपको नहीं लगा होगा कि कुछ लोग परीक्षा में अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए परीक्षा को प्रभावित कर सकते है, इसलिए सरकार भी आपसे ऐसे ही ईमानदारी पूर्वक कार्य करने की उम्मीद करती है। योगी ने कहा कि साढ़े सात वर्ष में सरकार ने कुछ कार्यक्रम आगे बढ़ाए।

## हरियाणा चुनाव : आप ने नौ और नाम घोषित किए

**नई दिल्ली/चंडीगढ़ (भाषा)।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए नौ उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। सीट बंटवारे पर कांग्रेस के साथ बातचीत विफल रहने के बाद सोमवार को पार्टी ने 20 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। अपनी दूसरी सूची में आप ने इंद्री, साढौरा, थानेसर, रतिया, आदमपुर, बरवाला, तिगांव, फरीदाबाद और बावल निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। इंद्री से हवा सिह को और फरीदाबाद से प्रवेश मेहता को उतारा गया है। इससे पहले आप की हरियाणा इकाई के प्रमुख सुशील गुप्ता ने बताया था कि पार्टी अपनी दूसरी सूची जारी करेगी।

गुप्ता ने कहा, 'हमने उनका (कांग्रेस का) उचित समय तक इंतजार किया। हम आज दूसरी सूची जारी करेंगे। आप पूरी ताकत से 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हमारा एकमात्र लक्ष्य भाजपा के नेतृत्व वाली भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकना है।' भाजपा पर हरियाणा को अपराध की राजधानी में तब्दील करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, 'हरियाणा में बेरोजगारी चरम पर है और लोगों ने बदलाव के लिए मन बना लिया है।

# झारखंड पुलिस का साइबर क्रिमिनल्स पर सर्जिकल स्ट्राइक, 1100 गिरफ्तार

**रांची, (आईएएनएस)।** झारखंड पुलिस प्रतिबिंब नामक मोबाइल ऐप के जरिए साइबर क्रिमिनल्स पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' कर रही है। पिछले दस महीनों के भीतर पुलिस ने राज्य के विभिन्न इलाकों से 1100 से ज्यादा साइबर क्रिमिनल्स को दबोचा है। यह ऐप साइबर क्राइम में इस्तेमाल किए जा रहे मोबाइल फोन का न सिर्फ शिनाख्त कर लेता है, बल्कि रियल टाइम लोकेशन देता है और इसकी मदद से पुलिस साइबर क्रिमिनल्स के ठिकानों पर धावा बोल देती है। अब इस ऐप का इस्तेमाल दूसरे राज्यों की पुलिस भी कर रही है।

- मोबाइल ऐप प्रतिबिंब के जरिए कसा जा रहा बदमाशों पर शिकंजा
- झारखंड पुलिस को उपलब्धि पर गृहमंत्री अमित शाह ने किया पुरस्कृत

झारखंड पुलिस को इस तकनीक के लिए मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हाथों सम्मानित किया गया। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता और ऐप को डेवलप करने वाले गुंजन कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत साइबर नियंत्रण के लिए काम करने वाली संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम में यह सम्मान ग्रहण किया। यह ऐप 7 नवंबर, 2023 को लॉन्च किया गया था। उसके बाद से पुलिस ने साइबर क्रिमिनल्स के अड्डों पर लगातार सर्जिकल स्ट्राइक किए हैं। इसके माध्यम से साइबर ठगी में इस्तेमाल किए जाने वाले मोबाइल नंबरों को ट्रेस कर पुलिस उनके अड्डे तक पहुंचती है। झारखंड में दिसंबर 2023 से अब तक साइबर क्राइम की 241 एफआईआर दर्ज की गयी है, जबकि 1100 से ज्यादा साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। 2342 मोबाइल और 3449 सिम कार्ड जब्त किए गए हैं। झारखंड में पिछले ढाई वर्षों में पुलिस ने साइबर क्रिमिनल्स के बैंक अकाउंट में जमा करीब 15 करोड़ 80 लाख रुपए की रकम भी फ्रीज कराई है। बड़ी संख्या में ठगी के शिकार हुए लोगों को रकम भी लौटाई गई है। झारखंड सीआईडी के एक अधिकारी ने बताया कि यह ऐप साइबर क्राइम के जामताड़ा मॉड्यूल के खिलाफ बेहद कारगर हथियार साबित हुआ है। इस ऐप के ट्रायल के दौरान पाया गया था कि देश के विभिन्न राज्यों में प्रतिदिन ढाई से तीन हजार साइबर क्रिमिनल मोबाइल पर सक्रिय रहते हैं। अब ऐप के माध्यम से संबंधित जिलों की पुलिस को साइबर क्रिमिनल्स की गतिविधियों की मैपिंग तुरंत भेजी जा रही है।

## आंध्र प्रदेश में वर्षा, बाढ़ में 46 लोगों की मौत

**विजयवाड़ा (वार्ता)।** आंध्र प्रदेश में लगातार वर्षा और बाढ़ के कारण अब तक 46 लोगों की मौत हो चुकी है तथा 1,96,100 हेक्टेयर भूमि की फसलें बर्बाद हो गई हैं।

मंगलवार को अधिकारियों ने बताया कि मूसलाधार बारिश और बाढ़ के कारण अब तक 46 लोगों की मौत हो चुकी है। एनटीआर जिले में 36, गुंटूर जिले में सात, एलुरु जिले में दो और पालनाडु जिले में एक व्यक्ति की मौत हुई है। इसी दौरान, 1,96,100 हेक्टेयर में कृषि फसलों को नुकसान पहुंचा है, जिससे 2,40,272 किसान प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा, 19,686 हेक्टेयर में बागवानी फसलों को भी नुकसान पहुंचा है, जिससे बागवानी फसलों से जुड़े 30,877 किसान प्रभावित हुए हैं।

- लगातार बारिश के कारण 339 ट्रेनें रद्द कर दी गई
- प्रदेश में 196100 हेक्टेयर फसलें बर्बाद

मूसलाधार वर्षा और बाढ़ के कारण 4,202.68 किलोमीटर लंबी सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई और 70 सड़कों में दरारें पड़ गईं। विजयवाड़ा में लगातार बारिश के कारण 339 ट्रेनें रद्द कर दी गईं, 181 के मार्ग बदले गए और 12 आंशिक रूप से रद्द कर दी गईं। खराब मौसम की वजह से, राज्य में 6,44,133 लोग प्रभावित हुए। उनके लिए 246 राहत शिविर बनाए गए। कुल 540 पशु (बड़े पशु 135 और छोटे पशु 405) मारे गए जबकि 7,607 पक्षी मारे गए।


## भागलपुर में हमले में भाजपा नेता घायल

**भागलपुर (भाषा)।** बिहार की राजधानी पटना में भाजपा के एक स्थानीय नेता की अज्ञात हमलावरों द्वारा गोली मारकर हत्या करने के कुछ घंटें बाद ही भागलपुर जिले के बबरगंज इलाके में सोमवार को अज्ञात बदमाशों ने एक और पार्टी कार्यकर्ता पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल व्यक्ति की पहचान भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय वार्ड पार्षद के पति शशि मोदी के रूप में हुई है।

भागलपुर जिला पुलिस द्वारा मंगलवार को जारी एक बयान के अनुसार,'घटना सोमवार को रात करीब साढ़े 11 बजे बबरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुतुबगंज महादेव तालाब के पास गणेश पूजा समारोह के दौरान हुई। कुछ अज्ञात बदमाशों ने मामूली बात पर शशि मोदी और दो अन्य व्यक्तियों पर किसी धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया।' वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों ने घायल व्यक्तियों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# ट्रेडिंग घोटाला : अभिनेत्री सुमी बोरा को लुकआउट नोटिस जारी

**गुवाहाटी/डिब्रूगढ़, (भाषा)।** असमिया अभिनेत्री सुमी बोरा, उनके फोटोग्राफर पति, भाई और उसकी पत्नी तथा दो अन्य के खिलाफ करोड़ों रुपये के शेयर बाजार ट्रेंडिग घोटाले के सिलसिले में एक लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। डिब्रूगढ़ के पुलिस अधीक्षक राकेश रेड्डी ने कहा कि अभिनेत्री, उसके पति तारिक बोरा, भाई राजीब बोरा और उसकी पत्नी जिकी मिली तथा दो अन्य के लिए सर्कुलर जारी किया गया है, क्योंकि वे पुलिस के समक्ष पेश नहीं हुए। पुलिस उनसे घोटाले के संबंध में पूछताछ करना चाहती थी, जिसमें लोगों से कथित तौर पर सैकड़ों करोड़ रुपये ठगे गए थे।



पिछले सप्ताह निवेशकों को ठगने वाली कंपनी के मालिक 22 वर्षीय बिशाल फुकन को उसके मैनेजर के साथ गिरफ्तार किया गया था। जांच के दौरान पता चला कि फुकन ने कथित तौर पर बोरा पर बहुत ज़्यादा खर्च किया था, जिसमें राजस्थान के उदयपुर में उनकी हाई-प्रोफाइल शादी भी शामिल थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जांच का जिम्मा सीआईडी को सौप दिया गया है और आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि फुकन से जुड़ी कई संपत्तियों को जब्त कर लिया गया है और उन्हें कुर्क करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरु की जाएगी। रेड्डी ने बताया कि घोटाले में शामिल राशि का अनुमान लगाने के लिए दस्तावेजों का विश्लेषण किया जा रहा है। पुलिस जब्त दस्तावेजों के सत्यापन के लिए सेबी, आयकर विभाग और अन्य एजेंसियों के संपर्क में है।

- जांच का जिम्मा सीआईडी को सौंपा गया, एसआईटी गठित

इस मामले में हमने निवेशकों और परिवार के सदस्यों सहित कई गवाहों के बयान दर्ज किए हैं। इस मामले में बयान दर्ज करने के लिए लगभग 15 लोगों को नोटिस भी जारी किए है। फुकन अपने फेसबुक प्रोफाइल में खुद को उद्योगपति, संगीतकार, निर्माता और गायक बताता है। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बोरा दावा करती थी कि फुकन उसका भाई है और उन्होंने कई प्रमुख लोगों को कथित तौर पर उसकी कंपनी के जरिए बाज़ार में निवेश करने के लिए प्रेरित किया।

## कांग्रेस अर्से से आरक्षण खत्म करने की साजिश कर रही है : मायावती

**लखनऊ (एसएनबी)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने आरक्षण खत्म करने को लेकर टिप्पणी करने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला करते हुए मंगलवार को कहा कि गांधी के इस बयान से स्पष्ट है कि उनकी पार्टी वर्षो से अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का आरक्षण खत्म करने के षड्यंत्र में लगी है।



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में छात्रों से संवाद कार्यक्रम में भारत में आरक्षण कब तक जारी रहेगा, इस सवाल पर कहा कि कांग्रेस पार्टी आरक्षण खत्म करने के बारे में तब सोचेगी, जब भारत में आरक्षण के लिहाज से निष्पक्षता होगी लेकिन अभी ऐसा नहीं है। मायावती ने 'एक्स' पर सिलसिलेवार टिप्पणियां करते हुए राहुल के इस बयान की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा, ''केन्द्र में काफी लंबे समय तक सत्ता में रहते हुए कांग्रेस पार्टी नीत सरकार ने ओबीसी आरक्षण को लागू नहीं किया और ना ही देश में जातीय जनगणना करायी। अब यह पार्टी इसकी आड़ में सत्ता में आने के सपने देख रही है। इनके इस नाटक से सचेत रहें जो भविष्य में कभी जातीय जनगणना नहीं करा पाएगी। उन्होंने कहा कि इन वर्गो के लोग कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दिए गए इस घातक बयान से सावधान रहें, क्योंकि यह पार्टी केंद्र की सत्ता में आते ही, अपने इस बयान की आड़ में इनका आरक्षण जरूर खत्म कर देगी।

# अदाणी के विदेशी निवेश राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नुकसानदेह : कांग्रेस

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि अदाणी समूह का विदेश में निवेश का जो तरीका है वो भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नुकसानदेह है। ऐसे निवेश से चीन के मुकाबले भारत को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की कीमत चुकानी पड़ सकती है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'विशेष मित्रता' की कीमत भारत को पहले ही घरेलू और वैश्विक स्तर पर कई बार चुकानी पड़ी है।

- 'हिंडनबर्ग रिसर्च' रिपोर्ट के बाद से कांग्रेस अदाणी ग्रुप पर अनियमितता और एकाधिकार के आरोप लगाती रही है

अमेरिकी संस्था 'हिंडनबर्ग रिसर्च' की रिपोर्ट आने के बाद से कांग्रेस अदाणी समूह पर अनियमितता और एकाधिकार के आरोप लगातार लगा रही है, हालांकि इस कारोबारी समूह ने सभी आरोपों को खारिज किया है। रमेश ने आरोप लगाया, '19 जून, 2020 को नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री का चीन को क्लीन चिट देने वाला बयान किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए सबसे नुकसानदेह बयानों में से एक था। यह एक सफेद झूठ था जिसने हमारी स्थिति को कमजोर किया और चीनियों को हमारी सीमा के उल्लंघन एवं भूमि पर निरंतर कब्जे की वास्तविकता से इनकार करने में सक्षम बनाया।' उन्होंने दावा किया कि उसके बाद से अनियंत्रित चीनी आयात, निवेश और आप्रवासन के जोखिमों के प्रति सरकार की लापरवाही भी लगातार सामने आई है। रमेश ने कहा, 'अदाणी समूह के चीन में निवेश करने की योजना के साथ ऐसा लगता है कि चीन को दी गई 'क्लीन चिट' उसके लिए 'लेटर ऑफ सपोर्ट' बनने जा रही है।'

# शशि थरूर ने भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव को रेखांकित किया

■ ह्यूस्टन (भाषा)।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने यहां राइस यूनिवर्सिटी के बेकर इंस्टीट्यूट में संवाद के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीतिक शक्ति के तौर पर भारत के महत्व पर जोर दिया। थरूर ने कहा, भारत महत्व रखता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत में जो कुछ हो रहा है वह दुनिया की आबादी के छठे हिस्से को प्रभावित करता है। तिरुवनंतपुरम के सांसद ने विस्तार से कहा कि क्रय शक्ति के मामले में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और दुनिया के मंच पर अब इसे नजरअंदाज या कम करके नहीं आंका जा सकता है। भारत के वैश्विक प्रभाव के बारे में दमदार तरीके से अपनी बात रखते हुए थरूर ने रेखांकित किया कि किस प्रकार विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश तथा सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का उदय उसे वैश्विक मामलों में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में स्थापित करता है।



■ तिरुवनंतपुरम के सांसद राइस यूनिवर्सिटी के बेकर इंस्टीट्यूट में संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे

कार्यक्रम की मध्यस्थता संस्थान के निदेशक एवं लेबनान एवं तुर्किये में अमेरिका के पूर्व राजदूत डेविड सैटरफील्ड ने की। थरूर छह से आठ सितंबर तक हुए जयपुर साहित्य महोत्सव के सातवें संस्करण में एक प्रख्यात लेखक एवं वक्ता के तौर पर ह्यूस्टन की यात्रा पर थे। उन्होंने भारत के समक्ष मौजूद भूराजनीतिक चुनौतियों विशेषकर चीन, पाकिस्तान और अमेरिका के साथ इसके संबंधों पर भी अपने विचार रखे। उन्होंने क्षेत्र के भविष्य को आकार देने में देश की भूमिका का जिक्र किया और इन जटिल रिश्तों में भारत के संवेदनशील संतुलन को भी रेखांकित किया। भारत की तकनीकी प्रगति के मुद्दे पर सैटरफील्ड ने इस क्षेत्र में देश की तीव्र वृद्धि की ओर ध्यान दिलाया।

थरूर ने भारत के तकनीकी उद्योग के बढ़ते प्रभाव को स्वीकारा और कहा कि तकनीकी उद्योग नवाचार और आर्थिक विकास को आगे बढ़ा रहा है, जिससे देश वैश्विक व्यापार में एक प्रमुख खिलाड़ी बन गया है। बातचीत में घरेलू मुद्दे भी मुख्य रूप से शामिल रहे, जिसमें थरुर ने भारत की ऊर्जा चुनौतियों और अक्षय ऊर्जा के लिए इसके महत्वाकांक्षी लक्ष्यों पर बात की। उन्होंने देश के बुनियादी ढांचे के विकास की जरूरतों और भविष्य में सुधार के बारे में आशा व्यक्त करते हुए विकास के अंतराल के बारे में भी बात की। थरूर ने हिदू राष्ट्रवाद के उदय और भारत के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य पर इसके प्रभाव पर भी चर्चा की, उन्होंने कहा कि यह देश के दीर्घकालिक लोकतांत्रिक ताने-बाने के लिए नई चुनौतियां पेश करता है। थरूर ने अपने संबोधन में वैश्विक राजनीति, अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी में भारत के बढ़ते महत्व पर जोर दिया और एक ऐसे देश की तस्वीर पेश की जिसके फैसले उसकी सीमाओं से परे होते हैं।

## महिला फ्लाइंग ऑफिसर ने विंग कमांडर पर लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

**श्रीनगर, (वार्ता)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने वायु सेना स्टेशन श्रीनगर पर तैनात महिला फ्लाइंग ऑफिसर द्वारा एक वरिष्ठ अधिकारी विंग कमांडर पर यौन और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाने के बाद प्राथमिकी दर्ज करायी है।

पुलिस थाना बडगाम में रविवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2) के तहत आरोपी विंग कमांडर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। महिला अधिकारी ने अपनी शिकायत में कहा कि यह घटना 31 दिसंबर 2023 की रात को श्रीनगर के वायु सेना स्टेशन में नए साल की पार्टी के दौरान हुई थी।

महिला ने शिकायत में कहा है कि पार्टी के बाद स्टेशन पर विंग कमांडर ने मुझसे पूछा कि क्या आपको गिफ्ट मिला है? मैंने कहा कि मुझे कुछ नहीं मिला। तो उसने मुझे अपने कमरे में आने को कहा जहाँ बहुत से उपहार रखे हुए थे। जैसे ही मैं उसके साथ कमरे में गई विंग कमांडर द्वारा उसका यौन उत्पीड़न किया गया। महिला अधिकारी ने अपनी शिकायत में विंग कमांडर पर अपने कमरे में यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया।

# पर्वतनेनी हरीश संरा में भारत के नए स्थाई प्रतिनिधि

■ संयुक्त राष्ट्र (भाषा)।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के नए स्थाई प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने यहां संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस को अपना परिचय पत्र सौंपते हुए इस विश्व निकाय में बहुपक्षवाद में सुधार और पुनरुद्धार के प्रति अपने देश की प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया।

हरीश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को अपना परिचय पत्र प्रस्तुत करते हुए बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। संयुक्त राष्ट्र में भारत का प्रतिनिधित्व करना बहुत गर्व और बड़ी जिम्मेदारी की बात है। उन्होंने भारत के प्रति मित्रता और समर्थन के लिए गुटेरेस का आभार भी जताया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत का प्रभार संभालने के लिए पिछले सप्ताह न्यूयॉर्क आए हरीश ने एक आधिकारिक समारोह के दौरान सोमवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में गुतारेस को अपना परिचय पत्र सौंपा। हरीश के साथ उनकी पत्नी भी मौजूद थीं। गुतारेस ने कहा, आपका बहुत बहुत स्वागत है। भारत, संयुक्त राष्ट्र में लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक मूलभूत स्तंभ है और भारत व संयुक्त राष्ट्र के बीच सहयोग अनुकरणीय है। हमें विश्वास है कि आपकी उपस्थिति में यह और भी मजबूत हो जाएगा। हरीश ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर की ओर से अभिवादन व्यक्त किया, जिस पर गुटेरेस ने कहा, कृपया उन्हें मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दें। इसके बाद हरीश और गुतारेस ने बातचीत की। हरीश ने मुलाकात के बाद 'एक्स' पर पोस्ट किया, हम समसामयिक चुनौतियों से निपटने और नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए बहुपक्षवाद को उसके राजनीतिक और आर्थिक दोनों आयामों में मजबूत करने व उसमें सुधार करने की आवश्यकता पर सहमत हुए। उन्होंने गुतारेस को प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र के बहुपक्षवाद में सुधार और पुनरुद्धार के लिए भारत की प्रतिबद्धता का भी आश्वासन दिया। हरीश ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के आगामी अध्यक्ष फिलेमन यांग से भी मुलाकात की।



■ संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को अपना परिचय पत्र प्रस्तुत करते हुए बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं : हरीश

## संक्षिप्त खबरें

### पोप फ्रांसिस की प्रार्थना सभा में जुटे 6 लाख लोग

**तासीतोलू ।** पूर्वी तिमोर में मंगलवार को पोप फ्रांसिस की प्रार्थना सभा में समुद्र किनारे एक पार्क में करीब 6,00,000 लोग शामिल हुए जो इस दक्षिण पूर्व एशियाई देश की लगभग आधी आबादी है। इसी पार्क में सेंट जॉन पॉल द्वितीय ने इंडोनेशिया से देश की आजादी के लिए संघर्ष के दौरान प्रार्थना सभा की थी। प्रार्थना सभा में भाग लेने के लिए आईं 44 वर्षीय डिर्से मारिया टेरेसा फ्रेटास ने कहा, हम बहुत खुश है कि पोप तिमोर आए है क्योंकि यह हमारे देश तथा हमारे लोगों के लिए एक आशीर्वाद है। ऐसा बताया जाता है कि इंडोनेशियाई सैनिकों ने पूर्वी तिमोर के अपने 24 साल के शासन के दौरान जिन लोगों की हत्या की थी, उनके शवों को तासीतोलू में ही दफनाया था।



### वियतनाम : 'यागी' से 82 की मौत, 64 लापता

**हनोई।** वियतनाम के उत्तरी क्षेत्र में शक्तिशाली तूफान 'यागी' के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण मंगलवार दोपहर तक करीब 82 लोगों की मौत हो गई, जबकि 64 अन्य लापता हैं। वियतनाम के कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बताया कि काओ बांग के पहाड़ी प्रांत में सबसे ज्यादा 19 मौतें हुई हैं और 36 लोग लापता है। मरने वालों में लाओ कै प्रांत के 19, येन बाई प्रांत के 22, क्वांग निन्ह प्रांत के नौ लोग शामिल है। अन्य मृतकों में राजधानी हनोई, हाई फोंग शहर, होआ बिन्ह, हाई डुओंग, लैंग सोन, तुयेन क्वांग, हा गियांग और लाई चौ प्रांतों से हैं। मंत्रालय के डाइक प्रबंधन और आपदा रोकथाम एवं नियंाण विभाग के अनुसार, शक्तिशाली हवाओं के साथ आए तूफ़ान 'यागी' के कारण 48,337 घरों को नुकसान पहुंचा है।

### पाकिस्तान : पोलियो टीम पर हमला, छह घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो कार्यकर्ताओं और पुलिसकर्मियों को ले जा रहे वाहन को निशाना बनाकर बम विस्फोट किया गया, जिसमें छह लोग घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। क्षेत्र की पुलिस के अनुसार, जैसे ही वाहन दक्षिण वजीरिस्तान जिले के वाना इलाके से गुजरा, उपद्रवियों द्वारा सड़क के किनारे लगाए गए एक विस्फोटक उपकरण में विस्फोट हो गया, जिससे तीन पोलियो कार्यकर्ता और तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए।

### सिडनी : मृत मिले दो बच्चे व महिला अस्पताल में भर्ती

**सिडनी।** सिडनी के पश्चिम में एक घर में मंगलवार को दो बच्चों के शव पाए गए। वहीं, एक महिला को पुलिस सुरक्षा में अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिन्हुआ के अनुसार, ऑस्ट्रेलियाई राज्य न्यू साउथ वेल्स की पुलिस ने कहा कि अधिकारियों को एक महिला और दो बच्चों से जुड़ी सूचना मिली थी। पुलिस को स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:40 बजे फाल्कन ब्रिज के एक घर में बुलाया गया था।

# रूस व यूक्रेन को बातचीत करनी ही होगी : जयशंकर

## कहा, वे चाहें तो भारत सलाह देने को इच्छुक

■ बर्लिन (भाषा)।




युद्ध के मैदान में यूक्रेन संघर्ष का समाधान नहीं हो सकने का दावा करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि रूस और यूक्रेन को बातचीत करनी ही होगी और यदि वे सलाह चाहते है तो भारत सलाह देने का सदैव इच्छुक है। जयशंकर ने यहां जर्मन विदेश मंत्रालय के वार्षिक राजदूत सम्मेलन में सवालों का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की।

एक दिन पहले उन्होंने सऊदी अरब की राजधानी में भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ 'सार्थक वार्ता' की थी। उन्होंने कहा, हमें नहीं लगता है कि इस संघर्ष का युद्ध के मैदान में हल होने वाला है। कहीं न कहीं, कुछ बातचीत तो होगी ही। जब कोई बातचीत होगी, तो मुख्य पक्षों रूस और यूक्रेन को उस बातचीत में शामिल होना ही होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूस एवं यूक्रेन यात्राओं का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय नेता ने मास्को और कीव में कहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है। उन्होंने कहा, हमें नहीं लगता है कि आपको रणभूमि में कोई समाधान मिलने जा रहा है। हमारा मानना है कि आपको बातचीत करनी होगी .... यदि आप सलाह चाहते हैं तो हम उसे देने के लिए सदैव इच्छुक हैं। जयशंकर ने कहा कि विभिन्न देशों के बीच मतभेद होते ही है, पड़ोसी देशों के बीच भी मतभेद होते है लेकिन संघर्ष मतभेदों के समाधान का तरीका नहीं है।

■ विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जर्मन विदेश मंत्रालय के वार्षिक राजदूत सम्मेलन में कहा

# यूक्रेन का रूस पर सबसे बड़ा हमला, दागे 140 ड्रोन

■ मॉस्को (एपी)।

यूक्रेन द्वारा दागे गए 140 से अधिक ड्रोनों ने रात भर में राजधानी मॉस्को सहित कई क्षेत्रों को निशाना बनाया। यह यूक्रेन का रूस पर अब तक का सबसे बड़ा हमल है। रूसी अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हालांकि रूसी वायु रक्षा बलों ने दावा किया कि मॉस्को और ब्रांस्क समेत कई क्षेत्रों पर दागे गए ड्रोनों को मार गिराया गया।

■ राजधानी मॉस्को सहित रूस के कई क्षेत्रों को बनाया निशाना

मॉस्को क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने बताया कि मॉस्को के पास रामेंस्कोए शहर में ड्रोन ने दो बहु-मंजिला आवासीय इमारतों को निशाना बनाया जिससे उनमें आग लग गई। यह इस महीने रूस पर दूसरा बड़ा यूक्रेनी ड्रोन हमला था। एक सितंबर को रूसी सेना ने कहा था कि उसने एक दर्जन से अधिक रूसी क्षेत्रों में यूक्रेन द्वारा दागे गए 158 ड्रोन को मार गिराया है, जिसे रूसी मीडिया ने युद्ध की शुरुआत के बाद से सबसे बड़ा यूक्रेनी ड्रोन हमला बताया था। रूस की जांच समिति ने एक आतंकवादी हमले के रूप में वर्णित इस हमले की आपराधिक जांच की घोषणा की थी। मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने कहा कि सोमवार को मॉस्को में हुए ड्रोन हमले का मलबा शहर के बाहरी इलाके में एक निजी घर पर जा गिरा, लेकिन इसमे कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने मॉस्को की ओर बढ़ रहे दर्जनों ड्रोन को देखा जिन्हें शहर के करीब आते ही सेना ने मार गिराया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने नौ रूसी क्षेत्रों में यूक्रेन द्वारा दागे गए कुल 144 ड्रोन को मार गिराया। इस बीच संयुक्त राष्ट्र के अनुसार रूस ने यूक्रेन पर मिसाइलों, ग्लाइड बमों और अपने ड्रोन से हमला किया है, जिसमें 10,000 से अधिक नागरिकों की मौत हो चुकी है।

यूक्रेनी अधिकारियों ने शिकायत की है कि देश के पश्चिमी भागीदारों द्वारा दिए गए हथियार यूक्रेनी सेना की जररूतों के हिसाब से कम है और सामान्य तौर पर वादा किए जाने के काफी समय बाद आते है।

### यूक्रेनी ड्रोनों के हमलों में महिला की मौत

**मॉस्को (वार्ता)।** मॉस्को क्षेत्र के रामेंस्कॉय में ड्रोन हमले में 46 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। इससे पहले एक बच्चे की मौत की जानकारी मिली थी, जिसकी अब तक पुष्टि नहीं की जा सकी है। रूसी वायु रक्षा बलों ने मॉस्को और ब्रांस्क समेत अपने नौ क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर हमले की कोशिश कर रहे 144 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराने का दावा किया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया ब्रिांस्क क्षेत्र में 72, मॉस्को क्षेत्र में 20 और कुर्स्क क्षेत्र में 14 ड्रोन मार गिराए गए। ब्रांस्क के गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज ने मंगलवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर कहा, रूसी रक्षा मंत्रालय के वायु रक्षा बलों ने ब्रांस्क क्षेत्र में 59 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट करके बड़े पैमाने पर हमले को नाकाम कर दिया है।

## पाकिस्तान में इमरान खान की पार्टी के कई नेता गिरफ्तार

**इस्लामाबाद (भाषा)।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के शीर्ष नेताओं को पुलिस ने नेशनल असेंबली के सत्र के बाद संसद भवन के बाहर से गिरफ्तार कर लिया। 'डॉन' अखबार ने पुलिस प्रवक्ता जावेद ताकी के हवाले से बताया कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के नेता बैरिस्टर गौहर अली खान, शेर अफजल खान मारवात और एडवोकेट शोएब शाहीन को इस्लामाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ऐसी जानकारी है कि सबसे पहले मारवात को हिरासत में लिया गया।

मारावात की गिरफ्तारी के संदर्भ में पीटीआई पार्टी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पीएमएलएन सरकार को नेशनल असेंबली के मौजूदा सदस्य के खिलाफ इस तरह के कदम पर पूरी तरह शर्म आनी चाहिए। यह लोकतंत्र पर सीधा हमला है। पार्टी ने इस्लामाबाद पुलिस पर अवैध आदेशों का पालन करने का आरोप लगाया और इस्लामाबाद के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) से इस कार्रवाई को रोकने का आह्वान किया। सूत्रों ने जियो न्यूज को बताया कि मारवात को एक नए कानून- शांतिपूर्ण सभा और सार्वजनिक व्यवस्था विधेयक, 2024 के तहत नियमों का उल्लंघन करने के लिए गिरफ्तार किया गया है।

# गाजा में इस्राइली हमले में 40 मरे

■ गाजा सिटी (वार्ता)।

दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस के अल मवासी इलाके पर हुए इस्राइली हमले में 40 लोग मारे गए और 60 घायल हो गए। यह जानकारी फिलिस्तीनी प्रसारक अल-अक्सा



टीवी ने गाजा नागरिक सुरक्षा आपूर्ति विभाग के प्रमुख के हवाले से मंगलवार को दी। गाजा नागरिक सुरक्षा अधिकारी के अनुसार, इस हमले में शरणार्थियों वाले 20 तंबू ध्वस्त हो गए। प्रसारक के अनुसार, हमले की जगह पर खोज और बचाव अभियान मुश्किल परिस्थितियों में जारी है। इस्राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि हमला फिलिस्तीनी हमास आंदोलन के कमांड और नियंाण केंद्र पर किया गया था।

आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ समय पहले, आईडीएफ और आईएसए के खुफिया के निर्देश पर, आईएएफ ने महत्वपूर्ण हमास आतंकवादियों पर हमला किया, जो खान यूनिस में मानवतावादी क्षो में एक कमांड और नियंत्रण केंद्र में काम कर रहे थे। आईडीएफ ने कहा कि हमले से पहले, नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के जोखिम को कम करने के लिए कई कदम उठाए गए, जिसमें सटीक युद्ध सामग्री, हवाई निगरानी और अतिरिक्त साधनों का उपयोग शामिल था। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर, 2023 को गाजा पट्टी से इस्राइल अभूतपूर्व रॉकेट हमला किया गया। इसके अलावा, फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के लड़ाकों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ की, सेना और नागरिकों पर गोलीबारी की और बंधक बना लिया।

### गाजा में संघर्ष समाप्त करने का आह्वान

**जिनेवा (वार्ता )।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने इस्राइल से गाजा में संघर्ष को समाप्त करने का अपना आह्वान दोहराया है। शिन्हुआ ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि तुर्क ने स्विट्जरलैंड के जिनेवा में सोमवार को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 57वें सत्र में अपने उद्घाटन भाषण में गाजा के बीच युद्ध को समाप्त करने पर जोर दिया। उच्चायुक्त ने सात अक्टूबर, 2023 को संघर्ष की शुरुआत के बाद से मानवाधिकार परिषद में इस्राइल की आलोचना जारी रखी। उन्होंने कहा कि कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में इस्राइल की नीतियों और कार्यो से व्यापक अवैध स्थिति उत्पन्न हुई है। संघर्ष में अब तक 40 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

## बांग्लादेश में भारत की वित्तपोषित परियोजनाएं रहेंगी जारी

**ढाका (भाषा)।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के एक शीर्ष सलाहकार ने मंगलवार को कहा कि भारत द्वारा वित्तपोषित परियोजनाएं बहुत महत्वपूर्ण है और देश में नए प्रशासन के तहत भी ये जारी रहेंगी। सरकारी समाचार एजेंसी 'बीएसएस' की खबर के मुताबिक, वित्त सलाहकार सलेहुद्दीन अहमद ने कहा कि बांग्लादेश यहां भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा के साथ अपनी बैठक के दौरान भारत के साथ सहयोग बढ़ाने की आशा करता है।

अहमद ने कहा, पहले से ही, भारत जो परियोजनाएं है, वे बड़ी परियोजनाएं है और हम उन्हें जारी रखेंगे। जो कुछ भी (परियोजनाएं) हमारे पास है, उसे नहीं रोकेंगे और हम उन परियोजनाओं के वित्तपोषण और कार्यान्वयन के बारे में चर्चा करेंगे। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के वित्तीय सलाहकार की यह टिप्पणी पिछले महीने शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के पतन के बाद भारत की तीन ऋण सुविधा सहायताओं के तहत वित्तपोषित परियोजनाओं के समय पर क्रियान्वयन को लेकर चिंताओं के बीच आई है।

# सिंगापुर में 13 से 15 तक क्षेत्रीय हिंदी सम्मेलन

■ सिंगापुर (भाषा)।

भारतीय उच्चायोग और सिंगापुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय (एनयूएस) का भाषा अध्ययन केंद्र इस सप्ताह के अंत में सिंगापुर में संयुक्त रूप से क्षेत्रीय हिंदी सम्मेलन का आयोजन करेंगे। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह सम्मेलन 13 से 15 सितंबर तक आयोजित होगा।

एनयूएस के भाषा अध्ययन केंद्र की डॉ. संध्या सिंह ने बताया कि दक्षिण-पूर्व एशिया में हिंदी : विकास की नवीन दिशाएं विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में दक्षिण-पूर्व एशिया और अन्य स्थानों के शिक्षाविद, शोधकर्ता और पेशेवर भाग लेंगे। सम्मेलन में अंतर्दृष्टि साझा करने के साथ ही द्वितीय, विदेशी, विरासत भाषा के रूप में हिंदी के वर्तमान और भविष्य एवं प्रवासी भारतीयों के बीच हिंदी साहित्य पर चर्चा की जाएगी। विदेशी भाषा शिक्षण केंद्र में हिंदी और तमिल भाषा कार्यक्रमों की प्रमुख डॉ. सिंह ने कहा, यह सम्मेलन प्रतिभागियों को हिंदी भाषा शिक्षा, साहित्य और संबंधित क्षेत्रों में अपने नवीनतम शोध को प्रस्तुत करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। इस आयोजन से दक्षिण-पूर्व एशिया में हिंदी के विकास पर केंद्रित सम्मेलनों और कार्यशालाओं के आयोजन का मार्ग प्रशस्त होने की उम्मीद है।



■ भारतीय उच्चायोग और सिंगापुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय का भाषा अध्ययन केंद्र का आयोजन

# ब्रिटिश एकेडमी बुक प्राइज की दौड़ में अमिताव घोष

■ लंदन (भाषा)।

'ब्रिटिश एकेडमी बुक प्राइज फॉर ग्लोबल कल्चरल अंडरस्टैंडिग 2024' के संभावित विजेताओं में प्रसिद्ध भारतीय लेखक अमिताव घोष का नाम शामिल है। यह कथेतर (नॉन फिक्शन) साहित्य के क्षेत्र में प्रमुख अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है जिसमें 25,000 पाउंड की इनाम राशि प्रदान की जाती है। घोष की कृति 'स्मोक एंड एशेज : ओपियम्स हिडेन हिस्ट्रीज' का मुकाबला पांच अन्य अंतरराष्ट्रीय कृतियों से है।

यह पुरस्कार विश्व में कहीं भी रहने वाले और किसी भी भाषा में काम करने वाले किसी भी नागरिकता वाले लेखक के लिए खुला है। रचना अंग्रेजी भाषा में लिखी होनी चाहिए। कोलकाता में जन्मे घोष अमेरिका में रहते है। पुरस्कार के निर्णायकों ने घोष की इस पुस्तक को अत्यंत पठनीय यात्रा वृतांत, संस्मरण और इतिहास को जीवंत बनाने में उनके कहानी कहने के कौशल की प्रशंसा की। 'ब्रिटिश एकेडमी बुक प्राइज' की ओर से कहा गया है कि घोष ने अपने इस उपन्यास में दशकों के अभिलेखीय शोध का उपयोग किया है जिनमें 18वीं शताब्दी से लेकर वर्तमान अफीम संकट और अमेरिका में ऑक्सीकॉन्टिन घोटाले तक वैश्विक अफीम व्यापार के आर्थिक और सांस्कृतिक प्रभाव का पता लगाने का प्रयास किया गया है।



■ घोष की किमाब 'स्मोक एंड एशेज : ओपियम्स हिडेन हिस्ट्रीज' का मुकाबला पांच अन्य अंतरराष्ट्रीय कृतियों से है

# उद्योगपति इसाकमैन दूसरी बार अंतरिक्ष यात्रा को रवाना


## निजी अंतरिक्ष उड़ान में पहली बार स्पेसवॉक

■ केप केनावेरल (एपी)।

उद्योगपति जेयर्ड इसाकमैन ने मंगलवार को एक बार फिर अंतरिक्ष में जाने का साहस दिखाया और उनकी इस अंतरिक्ष यात्रा का उद्देश्य पहली बार निजी तौर पर अंतरिक्ष में चहलकदमी करना है।

इसाकमैन ने अपनी पिछली चार्टर्ड उड़ान के विपरीत इस बार स्पेसएक्स के साथ लागत साझा की है, जिसमें नए स्पेससूट विकसित करना और उनका परीक्षण करना शामिल है। यदि सब कुछ योजना के अनुसार होता है, तो यह पहली बार होगा जब निजी नागरिक अंतरिक्ष में चहलकदमी (स्पेसवॉक) करेंगे, लेकिन वे कैप्सूल से दूर नहीं जाएंगे।

'स्पेसवॉक' को अंतरिक्ष उड़ान के सबसे जोखिम भरे हिस्सों में से एक माना जाता है। पूर्ववर्ती सोवियत संघ ने 1965 में अपने अंतरिक्षयान का हैच खोला था और इसके बाद अमेरिका ने ऐसा किया था। तब से निजी अंतरिक्षयात्रियों के लिए यह रुचि वाला क्षेत्र रहा है। इसाकमैन दो स्पेसएक्स इंजीनियर और एक पूर्व वायु सेना थंडरबर्ड्स पायलट के साथ फ्लोरिडा से स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट पर सवार होकर तड़के रवाना हुए। इस पांच दिवसीय अंतरिक्ष यात्रा के बीच में बुधवार रात या बृहस्पतिवार को कभी उनकी 'स्पेसवॉक' प्रस्तावित है। अंतरिक्षयात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से आगे 870 मील (1,400 किलोमीटर) की ऊंचाई तक की यात्रा कर रहे है, जो 1966 में नासा के प्रोजेक्ट जेमिनी के दौरान स्थापित रिकॉर्ड को पार कर जाएगी। केवल चंद्रमा तक पहुंचने वाले 24 अपोलो अंतरिक्ष यात्रियों ने इससे आगे की यात्रा की है। योजना उस ऊंचाई पर 10 घंटे बिताने की है जहां अत्यधिक विकिरण और मलबा हो सकता है। चारों अंतरिक्षयात्रियों ने स्पेसएक्स के स्पेसवॉकिंग सूट पहने हैं क्योंकि पूरे ड्रैगन कैप्सूल को दो घंटे की स्पेसवॉक के लिए दाबरहित किया जाएगा जिससे सभी के लिए खतरनाक वातावरण होगा। इसाकमैन और स्पेसएक्स की सारा गिल्स इस स्पेसवॉक में शामिल होंगे जबकि पायलट स्कॉट किड पोटीट और स्पेसएक्स की ऐना मेनन अंदर से स्पेसवॉक पर नजर रखेंगे।



उड़ान से पूर्व क्रेडिट कार्ड प्रोसेसिंग कंपनी 'शिफ्ट 4' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और संस्थापक इसाकमेन ने यह बताने से इनकार कर दिया कि उन्होंने उड़ान में कितना निवेश किया है। स्पेसएक्स के उपाध्यक्ष विलियम गेर्स्टनमेयर ने कहा कि स्पेसएक्स ने स्पेससूट विकसित करने और संबंधित लागतों का भुगतान करने के लिए इसाकमैन के साथ मिलकर काम किया है। गेर्स्टनमेयर ने एक समय नासा के लिए अंतरिक्ष मिशन संचालन का नेतृत्व किया था। गेर्स्टनमेयर ने कहा, हम वास्तव में निजी क्षेत्र के साथ सीमाओं का विस्तार करना शुरू कर रहे है। इसाकमैन ने ढाई साल पहले एलन मस्क से स्पेसएक्स को खरीदा था। इससे कुछ ही समय पहले वह 2021 में स्पेसएक्स की पहली निजी अंतरिक्ष यात्रा से लौटे थे। इसाकमैन इस यात्रा में एक प्रतियोगिता के विजेताओं और बचपन में कैंसर से जूझने वाले एक व्यक्ति को साथ लेकर गए थे।



# कमल हसन ने यूएस के कॉलेज में लिया एडमिशन

**मुंबई।** कमल हासन ने 69 साल की उम्र में मोटिवेट करने वाला काम किया है। नई-नई टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी हासिल करने की उत्सुकता की वजह से वे कुछ दिनों के लिए यूएस जा रहा। कमल हासन ने अमेरिका के एक टॉप कॉलेज में एडमिशन लिया है। वह वहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का क्रैश कोर्स करेंगे। यूं तो ये क्रैश कोर्स 90 दिनों का है, लेकिन वर्क कमिटमेंट के चलते कमल हासन 45 दिनों में ही वापस आ जाएंगे। पिछले साल अबू धाबी में जब कमल हासन ने डेक्कन हेराल्ड को इंटरव्यू दिया था तब उन्होंने कहा था, 'मुझे नई-नई टेक्नोलॉजी के बारे में जानने में बहुत मजा आता है।

लाइफ Style



# करीना

## एक हफ्ते में खुल जाएंगे सारे राज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

करीना कपूर खान की फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' के शानदार ट्रेलर ने सभी को इंप्रेस किया है। इतना ही नहीं इसने सभी को इस मिस्ट्री थ्रिलर की दुनिया की एक झलक दी है। इसके रिलीज होने में सिर्फ एक हफ्ता बाकी है, और इसका नया पोस्टर जारी कर दिया गया है, जिसमें करीना कपूर खान गंभीर और दिलचस्प लुक में नजर आ रही हैं।

फिल्म की टीम ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर नया पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, "डिटेक्टिव भामरा के साथ सच्चाई की रोमांचक खोज शुरू होने वाली है! सुलझने में बस एक हफ्ता बाकी। एकता कपूर ने भी अपने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन लिखा है, 'डिटेक्टिव भामरा के साथ सच्चाई की रोमांचक खोज शुरू होने वाली है! सुलझने में बस एक हफ्ता बाकी #TheBuckingham Murders'। द बकिंघम मर्डर्स करीना कपूर खान की प्रोड्यूसर के रूप में पहली फिल्म है, और लगता है कि वह एक दिलचस्प और रहस्यमय कहानी स्क्रीन पर ले कर आ रही हैं। यह फिल्म एकता कपूर और करीना कपूर खान के बीच एक और पार्टनरशिप है। इससे पहले वे 'वीरे दी वेडिंग' और 'क्रू' जैसी हिट फिल्में दे चुकी हैं। इस फिल्म के साथ वे मिस्ट्री थ्रिलर जॉनर में अपनी जबरदस्त मौजूदगी दर्ज कराने जा रही हैं। द बकिंघम मर्डर्स 13 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में करीना कपूर खान, ऐश टंडन, रणवीर बरार और कीथ एलन जैसे टैलेंटेड स्टार्स हैं। ये फिल्म हंसल मेहता ने डायरेक्ट की है और असीम अरोड़ा, कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ ने लिखी है।

हॉलीवुड मसाला



# ब्रिटेन में मिली बड़ी राहत

लॉस एंजिल्स। फिल्म निर्माता हार्वे वेनस्टीन को ब्रिटेन में बड़ी राहत मिली है। दरअसल, क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) ने उनके खिलाफ आपराधिक आरोप को हटाने का फैसला किया है। सीपीएस के मुताबिक उन्हें दोषी ठहराए जाने की कोई वास्तविक संभावना नहीं है। दो साल पहले जून महीने में सीपीएस ने वीनस्टीन द्वारा एक महिला के खिलाफ हमला करने के आरोप लगे थे। ये कथित हमले साल 1996 में लंदन में हुए थे। साक्ष्यों की समीक्षा के बाद अब इन्हें बंद कर दिया गया है।




# टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की धूम

टोरंटो। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टिफ) 5 सितंबर को प्रारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 15 सितंबर तक जारी रहने वाला है। अगले 10 दिनों में, रॉन हॉवर्ड की सर्वाइवल थ्रिलर 'ईडन', एमी एडम्स के साथ मैरिएल हेलर की हॉरर कॉमेडी 'नाइटबिच', एंड्रयू गारफील्ड और फ्लोरेंस पुघ अभिनीत एनिमेटेड 'द वाइल्ड रोबोट' और जॉन क्रॉली की 'वी लिव इन टाइम' जैसी फिल्में कनाडाई दर्शकों के लिए प्रदर्शित की जाएंगी। गुरुवार का टीआईएफएफ समारोह डेविड गॉर्डन ग्रीन की नटक्रैकर्स की ओपनिंग नाइट स्क्रीनिंग से पहले हुआ, जिसमें बेन स्टिलर ने एक वर्कहॉलिक की भूमिका निभाई, जो अपने हाल ही में अनाथ हुए भतीजों की देखभाल के लिए ग्रामीण ओहियो की यात्रा करता है। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टिफ) की शुरुआत में इस्राइल-हमास युद्ध ने सुर्खियां बटोरीं।



# नई प्रेरणा लेकर आता है हर स्टोर : गौरी

**नई दिल्ली।** फैशन ब्रांड फाल्गुनी शेन पीकॉक ने गुरुवार को नई दिल्ली के द धन मिल में अपने प्रीवियर स्टोर का अनावरण किया। यह उद्घाटन और भी खास था, क्योंकि इस दिन ब्रांड की 20वीं वर्षगांठ थी और यह उसका प्रतीक बना। इस स्टोर को गौरी खान डिजाइन किया है। गौरी खान ने पिछले कुछ सालों में कई हाई-एंड प्रोजेक्ट्स पर काम किया है। उन्होंने बताया कि कैसे पिछले कुछ वर्षों में उनका डिजाइन सेंस विकसित हुआ है। गौरी ने कहा, 'हर प्रोजेक्ट के साथ मेरा डिजाइन सेंस हर दिन विकसित होता है, जो नई प्रेरणा और एक नया नजरिया लेकर आता है।'जब उनसे पूछा गया कि स्टोर बनाने के पीछे क्या था, तो गौरी ने कहा, 'फाल्गुनी और शेन के स्टोर को डिजाइन करना उनकी शैली को एक भौतिक स्थान में बदलने के बारे में था।



# इन तीन फिल्मों का कर रहे निर्माण

**मुंबई।** राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित फिल्म 'लाहौर 1947' में सनी देओल के साथ प्रीति जिंटा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में आमिर खान भी कैमियो रोल करते दिखाई दे सकते हैं। फिल्म 26 जनवरी 2025 पर रिलीज की जा सकती है। फिल्म का निर्माण आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस (आमिर खान प्रोडक्शन) के बैनर तले किया जा रहा है। इसकी अलावा आमिर तीन अन्य फिल्मों का भी निर्माण कर रहे हैं। आमिर खान प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित फिल्म 'हैप्पी पटेल' में वीर दास मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म पहले से ही पूरे जोरों पर है और गोवा के सुरम्य स्थानों में इसकी शूटिंग चल रही है। इस विचित्र कॉमेडी फिल्म को लेकर अटकलें थीं कि इसमें इमरान खान मुख्य भूमिका निभाएंगे लेकिन आमिर ने साफ कर दिया था कि फिल्म में वीर दास लीड कलाकार हैं।

टीवी मसाला



# पसलियों में चोट के बावजूद 'बिग बॉस 18' के सेट पर पहुंचे सलमान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 जल्द ही फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है और सलमान खान शो को होस्ट करने के लिए वापस आ रहे हैं। कुछ दिनों पहले इंटरनेट पर उनके पसलियों की चोट के कारण बिग बॉस 18 में शामिल न होने की खबरें सामने आईं, लेकिन अब अभिनेता ने बिग बॉस 18 के प्रोमो की शूटिंग के लिए आकर सभी अफवाहों को खारिज कर दिया है। सोशल मीडिया पर इस समय एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सलमान खान बिग बॉस 18 के सेट के बाहर नजर आ रहे हैं। इस दौरान सलमान खान को तस्वीरों के लिए पोज देते समय संघर्ष करते हुए देखा गया। वे अपनी पसलियों को छूते हुए दिखाई दे रहे हैं, ऐसा लग रहा था, जैसे उन्हें बहुत दर्द हो रहा है। दर्द में होने के बावजूद सलमान सेट पर पहुंचे और उन्हें बाहर अपने प्रशंसकों से भी मुलाकात की। इसके साथ प्रोमो भी शूट किया। 'बिग बॉस 18' का प्रोमो सितंबर 2024 के मध्य में आने की उम्मीद है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बिग बॉस 18 को 5 अक्टूबर को लॉन्च किया जाएगा। शोएब इब्राहिम, धीरज धूपर, मंसरी श्रीवास्तव, समय रैना और अन्य के शो में प्रतियोगी के रूप में भाग लेने की उम्मीद है।

# शिल्पा शिंदे ने फिल्म निर्माता पर लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

**नई दिल्ली।** अंगूरी भाभी के किरदार से घर-घर में अपनी पहचान बना चुकीं अभिनेत्री शिल्पा शिंदे इन दिनों स्टंट बेस्ड रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 14' में नजर आ रही हैं। शिल्पा अपने बेबाक बयान के लिए भी



प्रशंसकों के बीच काफी चर्चित हैं। इसी बीच अभिनेत्री ने इंडस्ट्री से जुड़ा बड़ा खुलासा कर हर किसी को हैरान कर दिया है। शिल्पा शिंदे ने एक हिंदी फिल्ममेकर पर यौन शोषण का गंभीर आरोप लगाया है। शिल्पा शिंदे ने एक इंटरव्यू में दावा किया कि उनके करियर के शुरुआती दौर में उन्हें ऑडिशन की आड़ में फिल्म निर्माता को लुभाने के लिए कहा गया था। यह रहस्योद्घाटन न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट के सार्वजनिक जारी होने के बाद कई अभिनेताओं द्वारा यौन उत्पीड़न और हमले के अपने अनुभवों को साझा करने के बाद आया है। शिल्पा ने कहा, 'मैं झूठ नहीं बोल रही हूं, लेकिन मैं उनका नाम नहीं ले सकती।

# 'गोट' ने 50 करोड़ पार की वर्ल्डवाइड ओपनिंग

**नई दिल्ली।** सुपरस्टार तलपती अपनी नई फिल्म गोट यानी ग्रेटेस्ट ऑफ आल टाइम के साथ एक बार फिर दहाड़ मारते हुए नजर आ रहे हैं। 5 सितंबर को दुनियाभर में रिलीज होने के बाद इस फिल्म के रिव्यू



तो सामने आ ही गए हैं। ट्रेड एनालिस्ट मनोबाला विजयाबालन ने बताया है कि यह वीकेंड फिल्म के लिए काफी जरूरी है। पहले दिन तमिलनाडु में 23.87 करोड़, आंध्रप्रदेश में 3.06 करोड़, कर्नाटक में 8.24 करोड़, केरल में 5.95 करोड़, बाकी शहरों में 1.69 करोड़ की कमाई फिल्म ने की है। बाकी 34.12 करोड़ की फिल्म ने कमाई हासिल की है। इसके बाद भारत में 76.93 करोड़ का कलेक्शन फिल्म ने हासिल किया है। इसके चलते फिल्म के टाइटल को साबित करने के लिए जेलर के 650 करोड़ 2.0 के 800 करोड़ के आंकड़े को पीछे छोड़ना होगा। भारत में पहले दिन की कमाई की बात करें तो 43 करोड़ की कमाई फिल्म ने हासिल कर ली है, जिसके बाद ऋतिक रोशन की फाइटर को फिल्म ने पीछे छोड़ दिया है। जबकि फिल्म का बजट 400 करोड़ तक का बताया जा रहा है, जिसके चलते इस वीकेंड फिल्म को कमाल दिखाना होगा।

# 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' का ट्रेलर हुआ रिलीज



**मुंबई।** निर्माताओं ने शुक्रवार को 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। रीमा कागती द्वारा निर्देशित इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म में आदर्श गौरव, विनीत कुमार सिंह और शशांक अरोड़ा मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म की कहानी महाराष्ट्र के छोटे से शहर मालेगांव की पृष्ठभूमि पर तैयार की गई है। ट्रेलर को सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर रिलीज कर दिया गया है। 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव'13 सितंबर को 'टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल'में एक विशेष विश्व प्रीमियर के लिए सेट किया गया है, इसके बाद 10 अक्टूबर को बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल में एक शोकेस भी किया जाएगा। ट्रेलर में देखा जा सकता है कि मालेगाव के निवासी बॉलीवुड सिनेमा देखकर फिल्म बनाने की सोचते हैं। ट्रेलर में हमें एक शौकिया फिल्म निर्माता नासिर शेख (आदर्श गौरव) और उसके दोस्तों के समूह की दुनिया से रूबरू कराया गया है। ये सभी एक साथ फिल्म बनाना चाहते हैं। हालांकि, ट्रेलर के क्लाइमेक्स में ट्विस्ट आपको यह सोचने पर मजबूर कर देता है कि क्या नासिर का सपना पूरा हो पाएगा? फिल्म के ट्रेलर में हल्के-फुल्के और दिल को छू लेने वाले पलों का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिल रहा है। रीमा कागती के निर्देशन में बनी यह फिल्म आपको प्रभावित कर देगी।

# सिद्धिविनायक मंदिर दर्शन करने पहुंचे रणवीर-दीपिका



मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण मां बनने वाली हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि उनकी डिलीवरी डेट 28 सितंबर है, जिस जिन रणबीर कपूर का जन्मदिन होता है। हालांकि कुछ कंफर्म नहीं है। अब रणवीर सिंह के साथ दीपिका पादुकोण सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची हैं। 6 सितंबर के दोपहर तीन बजे से गणेश चतुर्थी का समय शुरू हो गया है। ऐसे में कपल बच्चे बप्पा के दर्शन करने मुंबई के मशहूर सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे हैं। इस दौरान जहां ऑफ व्हाइट कुर्ते-पायजामे में रणवीर सिंह नजर आए। वहीं, हरे रंग की बनारसी सिल्क साड़ी में दीपिका पादुकोण दिखाई दीं। इस दौरान वह दोनों नंगे पांव थे। पति का हाथ थामे हुई थीं। रास्ते में मिल रहे फैंस का वह अभिवादन भी कर रही थीं। हालांकि वह अकेले नहीं थीं। उनका पूरा परिवार साथ था। दोनों के मम्मी-पापा भी स्पॉट हुए हैं। दीपिका पादुकोण के चेहरे की रौनक और खुशी देख फैंस तो निहाल हुए ही।

## फिल्मी है यश जौहर की कहानी, हर शख्स था उनके स्वभाव का कायल

# साधारण नौकरी से धर्मा प्रोडक्शन तक तय किया सफर

एजेंसी ⏭ मुंबई

*धर्मा प्रोडक्शन की नींव रखने वाले यश जौहर का हिंदी सिनेमा में महत्वपूर्ण योगदान है। यश जौहर अपने काम के लिए तो मशहूर हैं ही, लेकिन वह अपने नरम स्वभाव और नेक दिली के लिए भी जाने जाते हैं। फिल्म इंडस्ट्री का लगभग हर शख्स उनके स्वभाव का कायल था। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में खूब मान सम्मान कमाया, जिसका फायदा उनके बेटे करण जौहर को भी मिला।*

आज यश जौहर की बर्थ एनिवर्सरी है, आइए इस मौके पर उनकी जिंदगी से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण किस्सों के बारे में जानते हैं। यश जौहर का जन्म अमृतसर में 6 सितंबर 1929 में हुआ। वह कुछ समय शिमला, लाहौर और दिल्ली में रहें। यश ने अपनी दादी की सलाह पर घर से भागकर मुंबई आए। दरअसल, उनकी दादी हमेशा कहती थी कि वह यहां के लिए नहीं बने हैं। वह कुछ बड़ा करने के लिए पैदा हुए हैं। उनकी दादी ने भागते हुए उन्हें कुछ रुपए दिए और वहां से निकलने में उनकी मदद की।

### फोटोग्राफर की नौकरी की

50 के दशक में मुंबई आने के बाद उन्होंने ने 'टाइम्स ऑफ इंडिया' में बतौर फोटोग्राफर की नौकरी की। इस नौकरी के दौरान ही उनकी किस्मत ने करवट लेना शुरू किया। एक दिन वह तस्वीरों के सिलसिले में मधुबाला से मिले। यश का स्वभाव अभिनेत्री को काफी पसंद आया। उन्होंने यश को एक प्रोडक्शन हाउस में नौकरी भी दिलवा दी। प्रोडक्शन हाउस में जुड़ने के बाद यश जौहर ने कई दिग्गजों के प्रोडक्शन हाउस में बतौर प्रोडक्शन कंट्रोलर काम किया। 60 के दशक में आते-आते वह देवानंद के प्रोडक्शन हाउस 'नवनिकेतन फिल्म्स' से जुड़े। यहां उन्होंने 12 साल काम किया। अपने स्वभाव की वजह से देवानंद से भी उनके अच्छे संबंध हो गए और इंडस्ट्री के सभी लोग उन्हें जानने लगे।



### 1976 में खुद की बनाई कंपनी

साल 1976 में यश जौहर ने अपनी जिंदगी को नया अवसर दिया। उन्होंने खुद की कंपनी खड़ी की। उन्होंने धर्मा प्रोडक्शन की नींव रखी। धर्मा प्रोडक्शन में उन्होंने पहली फिल्म बनाई 'दोस्ताना' बनाई। यह वही दोस्ताना थी, जिसमें अमिताभ बच्चन ने अभिनय किया और इसकी कहानी जावेद-सलीम की जोड़ी ने लिखी। यह फिल्म बॉक्स पर भी हिट रही।

# सिनेमाघरों में 13 सितंबर को दोबारा रिलीज होगी 'वीर-जारा'



**नई दिल्ली।** शाहरुख खान और प्रीति जिंटा अपनी शुद्ध प्रेम कहानी 'वीर-जारा' के साथ एक बार फिर सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रहे हैं। फिल्म निर्माता यश चोपड़ा का सिनेमाई जादू एक बार फिर लोगों को देखने को मिलेगा। 'वीर-जारा' शाहरुख खान की सबसे बेहतरीन रोमांटिक फिल्मों में से एक है। शायद ही शाहरुख का कोई ऐसा प्रशंसक होगा, जिसकी पसंदीदा फिल्मों की लिस्ट में यह फिल्म शामिल ना हो। फिल्म के दोबारा रिलीज होने की जानकारी यश राज फिल्म्स के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा किया गया है। पोस्ट में लिखा था, 'स्वर्ग में बनी जोड़ी वीर-जारा शुक्रवार, 13 सितंबर को सिनेमाघरों में वापस आ रही है! इसे अपने नजदीकी सिनेपोलिस स्क्रीन पर देखें!' फिल्म के फिर से रिलीज होने की जानकारी मिलते ही प्रशंसक उत्साहित हो गए। एक सोशल मीडिया यूजर ने टिप्पणी की, 'वाह इसे फिर से देखने का इंतजार नहीं कर सकता।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'दिन की सबसे अच्छी खबर।'

हिन्दी साप्ताहिक समाचार-पत्र

NAMASTE RAJASTHAN

# नमस्ते राजस्थान

E-MAIL
namasterajasthan11@gmail.com
nrnews100@gmail.com

राजस्थान

08

भीलवाड़ा

खबरों की सत्यता, निष्पक्षता, पारदर्शिता

बुधवार ,11 ,सितम्बर ,2024

## खबर संक्षेप

### रिश्वत लेते धराया इंजी. घर से 2.39 करोड़ जब्त

**नई दिल्ली।** केंद्रीय एजेंसी सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) को दिल्ली प्रदूषण



नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के एक सीनियर पर्यावरण इंजीनियर को रिश्वत मामले में गिरफ्तारी के बाद एक बड़ी सफलता लगी है। सीबीआई ने इंजीनियर के घर से से 2.39 करोड़ रुपए की नकदी जब्त की है। उसे 91,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था।

### बजरंग और विनेश का इस्तीफा मंजूर किया

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट के इस्तीफे स्वीकार कर लिए हैं। दोनों



ने कांग्रेस पार्टी में शामिल होने से पहले अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उत्तर रेलवे ने शनिवार को ही विनेश और बजरंग के इस्तीफों को स्वीकार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। एक अधिकारी ने बताया था कि हमने उनके मामलों में मानदंडों में ढील देने का फैसला किया है।

### अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध मीडिया सम्मेलन 11 सितंबर से


**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ और विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन 11 सितंबर को दूसरे



अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध मीडिया सम्मेलन का आयोजन करने जा रहे हैं। जिसका विषय 'टकराव से बचने और सतत विकास के लिए विचारशील संचार' है। संस्कृति मंत्रालय के अनुसार भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया सम्मेलन में मुख्य अतिथि होंगे।

### शराब घोटाले में दो और आरोपियों को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाले में दो और आरोपियों को जमानत मिल गई है। दिल्ली हाई कोर्ट ने



शराब कारोबारी समीर महेंद्र और आम आदमी पार्टी (आप) के वॉलंटियर चनप्रीत सिंह को कथित घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में जमानत दी है। ईडी ने चनप्रीत को 12 अप्रैल 2024 को और समीर महेंद्रू को 28 सितंबर 2022 को गिरफ्तार किया था।

### वीडियो देखकर 'झोलाझाप' ने की सर्जरी, हुई मौत

**छपरा।** बिहार के सारण जिले में एक 'झोलाछाप' चिकित्सक द्वारा कथित तौर पर यूट्यूब वीडियो



देखकर पित्ताशय से पथरी निकालने की सर्जरी किए जाने के बाद एक किशोर की मौत हो गई। सारण के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुमार आशीष ने बताया कि आरोपी चिकित्सक अजीत कुमार पुरी को रविवार रात गोपालगंज जिले से गिरफ्तार कर लिया गया।

---

### कोलकाता रेप-मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट की सख्त चेतावनी

# आज शाम पांच बजे तक डॉक्टर काम पर नहीं लौटे तो राज्य सरकार कर सकती है कार्रवाई

**डॉक्टरों बोलेः कोई सीनियर हड़ताल पर नहीं,जूनियर डरे हुए**

**राज्य सरकार का आरोप डॉक्टरों के न आने से 23 लोगों की हुई मौत**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोलकाता में चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या मामले से संबंधित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मामले की जांच को लेकर स्टेटस रिपोर्ट पेश की। बंगाल सरकार ने भी कोर्ट को स्थिति रिपोर्ट सौंपी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार ने स्थिति रिपोर्ट दाखिल की है।

इसमें बताया गया है कि जब डॉक्टर काम नहीं कर रहे थे, तब 23 लोगों की मौत हो गई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सीबीआई से नई स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने जांच एजेंसी को एक हफ्ते का समय दिया है। इसके बाद कोर्ट ने मामले पर सुनवाई 17 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने याद दिलाया कि उसने डॉक्टरों के काम पर लौटने के बाद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई न करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने टिप्पणी की है कि अब भी अगर वे काम पर नहीं लौटते हैं तो हम राज्य सरकार को कार्रवाई करने से नहीं रोक सकते हैं। इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता गीता लूथरा ने जवाब दिया कि डॉक्टरों को धमकाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों से कल (10 सितंबर) शाम 5 बजे तक काम पर लौटने को कहा। कोर्ट ने आश्वासन दिया कि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने चेतावनी दी कि अगर काम से लगातार दूर रहना जारी रहा तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।





#### तृणमूल ने न्यायालय के निर्देश की सराहना की

तृणमूल कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की सराहना की और कहा कि चिकित्सकों का प्रथम कर्तव्य लोगों की जान बचाना है और इससे समझौता नहीं किया जा सकता है। तृणमूल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रदर्शन कर्तव्य की कीमत पर नहीं हो सकते- भारत के प्रधान न्यायाधीश, हम आगे आने और उन चिकित्सकों को कल शाम पांच बजे तक ड्यूटी पर लौटने का निर्देश देने के लिए उच्चतम न्यायालय का आभार जताते हैं, जो आरजी कर घटना को लेकर ड्यूटी से अनुपस्थित रहे हैं। एक चिकित्सक का परम कर्तव्य लोगों की जान बचाना है और इस प्रतिबद्धता से समझौता नहीं किया जा सकता है। हम उनसे विनम्रतापूर्वक आग्रह करते हैं कि वे जरूरतमंद लोगों की देखभाल करने की अपनी पवित्र शपथ का पालन करें।

#### विनीत गोयल ने इस्तीफे की पेशकश की

*ममता बेनर्जी ने कहा कि कि कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल ने प्रदर्शनों के बाद इस्तीफे की पेशकश की है लेकिन 'हमें दुर्गा पूजा के मद्देनजर ऐसे किसी व्यक्ति की जरूरत है जिसे कानून एवं व्यवस्था की समझ हो।' बता दें, बता दें, ममता के पास गृह विभाग का भी प्रभार है। उन्होंने जूनियर चिकित्सकों से जल्द से जल्द ड्यूटी पर लौटने का भी अनुरोध किया। साथ ही लोगों से दुर्गा पूजा नजदीक होने पर 'उत्सवों की ओर लौटने' का अनुरोध किया।*

#### मैंने पैसों की पेशकश नहीं की

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने कहा कि मैंने मृतक चिकित्सक के परिवार को कभी पैसों की पेशकश नहीं की, यह बदनाम करने के अलावा और कुछ नहीं है। मैंने उनसे कहा कि अगर वे अपनी बेटी की याद में कुछ करना चाहते हैं तो हमारी सरकार उनके साथ है। मैं जानती हूं कि कब, क्या बोलना है।

#### केंद्र की साजिश में वामपंथी दल शामिल

सीएम ममता बेनर्जी ने सोमवार को राज्य सचिवालय नबान्न में एक प्रशासनिक समीक्षा बैठक में आरोप लगाया कि यह (आरजी कर घटना के बाद जन आक्रोश प्रदर्शन) निश्चित रूप से केंद्र की साजिश है और कुछ वामपंथी दल भी इसमें शामिल हैं। कुछ लोग पड़ोसी देश में उथल-पुथल का फायदा उठा रहे हैं। वे भूल गए हैं कि भारत और बांग्लादेश अलग राष्ट्र हैं।

#### सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को दिए निर्देश, सुरक्षा के लिए उठाए जरूरी कदम

*सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश दिया है कि सरकार डॉक्टरों में असुरक्षा की भावना को कम करने के लिए जरूरी कदम उठाए। डॉक्टरों की ओर से कोर्ट को बताया गया कि कोई सीनियर डॉक्टर हड़ताल पर नहीं है। जूनियर डॉक्टर अभी भी काम पर नहीं लौटे हैं, क्योंकि वो डरे हुए हैं। उन्हें धमकियां मिल रही हैं। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार के वकील ने कोर्ट को बताया कि डॉक्टरों की हड़ताल की वजह से अब तक 23 मरीजों की मौत हो चुकी है। पश्चिम बंगाल सरकार ने कोर्ट को बताया कि डॉक्टर अभी भी हड़ताल पर हैं। 6 लाख लोग इलाज से महरूम हैं। लोग इलाज के अभाव में मर रहे हैं।*

---

### यूपी में 69 हजार शिक्षकों की भर्ती मामला

## सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर लगाई रोक



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूपी में 69 हजार शिक्षक भर्ती के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय ने यूपी सरकार से भी इस संबंध में जवाब मांगा है।

अब इस केस पर अगली सुनवाई 23 सितंबर को होगी। तब तक यूपी सरकार और अन्य पक्षकारों को अपनी दलीलें पेश करनी होगी। हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाते हुए मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्र की पीठ ने रवि कुमार सक्सेना व अन्य 51 द्वारा दाखिल की गई याचिका पर यूपी सरकार यूपी बेसिक शिक्षा बोर्ड के सचिव को नोटिस जारी किया है। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय ने सभी इस संबंध में सात पन्नों में अगली सुनवाई पर जवाब दाखिल करने को कहा है।

#### आरक्षण की अनदेखी का आरोप

*बता दें, इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में 69 हजार शिक्षक भर्ती के मामले में आरक्षण की अनदेखी के आरोप लगाते हुए याचिका दाखिल की गई थी। मामले की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने सहायक शिक्षक भर्ती-2019 में चयनित 69 हजार अभ्यर्थियों की सूची को रद्द कर नई सूची बनाने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने 1 जून 2020 और 5 जनवरी 2022 की चयन सूचियां को दरकिनार कर नियमों के तहत तीन माह में नई चयन सूची बनाने के निर्देश दिए। सरकार व अन्य संबंधितों को आदेश दिया गया कि तीन माह में नई सूची जारी कर दी जाए। हाईकोर्ट ने कहा नई चयन सूची बनाते समय यदि वर्तमान में कार्यरत किसी सहायक शिक्षक पर विपरीत असर पड़ता है तो मौजूदा सत्र का लाभ दिया जाए ताकि छात्रों की पढ़ाई बाधित न हो।*

#### 1994 के मुताबिक आरक्षण नीति का

कोर्ट ने कहा था कि नई चयन सूची में 1981 के नियम के तहत आरक्षण अधिनियम 1994 के मुताबिक आरक्षण नीति का पालन किया जाए। अगर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी की मेरिट सामान्य श्रेणी के बराबर आए तो वह सामान्य श्रेणी में आ जाएगा। इन निर्देशों के तहत ऊपरी क्रम में आरक्षण दिया जाएगा। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि सूची तैयार करने में अगर कोई कार्यरत अभ्यर्थी प्रभावित हो तो राज्य सरकार या सक्षम प्राधिकारी उसे सत्रांत का लाभ प्रदान करेंगें। जिससे इसका खामियाजा विद्यार्थियों को न भुगतना पड़े। कोर्ट ने इन निर्देशों के अनुसार एकल पीठ के आदेश व निर्देशों को संशोधित कर दिया। इस मामले में 69 हजार प्राथमिक सहायक शिक्षकों की भर्ती में आरक्षण के विवाद के मुद्दे उठाए गए थे।

---

### हरियाणा की बाकी बची 23 सीटों पर भाजपा ने किया मंथन

## शाह के निवास पर हुई बैठक में नड्डा, मनोहर, प्रधान, बिप्लब और बड़ौली रहे मौजूद

*पहली सूची में 67 उम्मीदवार घोषित कर चुकी है*

▶▶ नई दिल्ली

भाजपा हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपने बाकी बचे 23 उम्मीदवारों के नाम जल्द ही घोषित कर सकती है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के निवास पर सोमवार को हुई बैठक में 23 सीटों के लिए भावी उम्मीदवारों पर मंथन हुआ।

बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, धर्मेंद्र प्रधान, सीएम नायब सिंह सैनी, हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, बिप्लब देव शामिल हुए। भाजपा हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों में से 67 सीटों पर पहले ही अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर चुकी है। अब बाकी बची 23 सीटों पर पार्टी को अपने उम्मीदवार तय करने हैं। भाजपा सूत्रों के अनुसार शाह के निवास पर हुई बैठक में हर सीट पर दो नामों पर मंथन हुआ। काफी मंथन के बाद सभी 23 सीटों पर सूची तैयार की गई। बताया जा रहा है कि इस सूची को अंतिम मंजूरी के लिए केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में रखा जाएगा। हरियाणा में 12 सिंतबर नामांकन की आखिरी तारीख है। ऐसे में माना जा रहा है कि आज या कल तक उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। भाजपा ने जिन 23 विधानसभा क्षेत्रों की सूची अभी जारी नहीं की है, उनमें नारायणगढ़, पूंडरी, असंध, गन्नौर, राई, बरौदा, जुलाना, नरवाना, डबवाली, सिरसा, ऐलनाबाद, रोहतक, महेंद्रगढ़, नारनौल, बावल, पटौदी, नूंह, फिरोजपुर-झिरका, पुन्हाना, हथीन, होडल, फरीदाबाद एनआइटी व बड़खल सीटें शामिल हैं। भाजपा को अभी जिन सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित नहीं किए, उनमें सात मौजूदा विधायकों की सीटें भी शामिल हैं। भाजपा को चिंता है कि जिस तरह से पहली सूची में टिकट नहीं मिल पाने से कई नेताओं ने बगावत की ऐसा दूसरी सूची के बाद भी हो सकता है। इसलिए भाजपा हाईकमान बाकी बची सीटों पर काफी मंथन कर रहा है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को पता है कि उम्मीदवार चयन में थोड़ी सी भी चूक भारी पड़ सकती है। सात मौजूदा विधायकों सहित कई दिग्गज नेताओं की सीट पर पेंच फंसा हुआ है। इनमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार के दो मंत्री और दो पूर्व मंत्री शामिल हैं। सिरसा जिले की तीन विधानसभा सीटों पर भी उम्मीदवारों को लेकर अभी कोई फैसला नहीं हो पाया है।

---

### गणपति बप्पा मोरया



*केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मुंबई में प्रसिद्ध लालबागचा राजा गणेश पंडाल जा कर गणेश भगवान के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। शाह के साथ महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस भी थे।*

---

### यूएस में राहुल ने भाजपा और आरएसएस पर साधा निशाना, कहा

## चुनाव नतीजे आते ही भाजपा और पीएम का डर कम हुआ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के डलास में टैक्सास यूनिवर्सिटी में छात्रों के साथ बातचीत की। इस दौरान उन्होंने भाजपा और आरएसएस पर भी निशाना साधा।



राहुल गांधी ने कहा कि हमने देखा कि चुनाव परिणाम के तुरंत बाद, कुछ ही मिनटों में, भारत में कोई भी भाजपा या भारत के पीएम से नहीं डरता था। यह लड़ाई चुनाव में और भी साफ हो गई, जब भारत के लाखों लोगों को यह समझ में आ गया कि भारत के प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) हिंदुस्तान के संविधान पर हमला कर रहे हैं। मैंने आपसे जो भी कहा है, वह सब संविधान में है। उन्होंने कहा कि आरएसएस का मानना है कि भारत एक विचार है और हमारा मानना है कि भारत विचारों की बहुलता है। हमारा मानना है कि सभी को भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए, ख्वाब देखने की अनुमति दी जानी चाहिए और उनकी जाति, भाषा, धर्म, परंपरा या इतिहास की परवाह किए बिना उन्हें स्थान दिया जाना चाहिए। भाजपा और आरएसएस का मानना है कि महिलाओं को पारंपरिक भूमिकाओं तक ही सीमित रखा जाना चाहिए- घर पर रहना, खाना बनाना और कम बोलना। हमारा मानना है कि महिलाओं को वह सब करने की आजादी होनी चाहिए, जो वे करना चाहती हैं।

#### देशद्रोही को आरएसएस समझ नहीं आ सकता



राहुल के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने कहा कि आरएसएस को जानने के लिए राहुल गांधी को कई जन्म लेने पड़ेंगे। कोई देशद्रोही आरएसएस को नहीं जान सकता। जो विदेशों में जाकर देश की निंदा करे वो आरएसएस को नहीं जान सकता। लगता है कि राहुल गांधी भारत को बदनाम करने के लिए ही विदेश जानते हैं। उन्होंने कहा कि मैं बार-बार कह रहा हूं कि राहुल गांधी इस जन्म में आरएसएस को नहीं समझ पाएंगे, क्योंकि यह संगठन भारतीय संस्कार और संस्कृति से पैदा हुआ है।

#### कांग्रेस ने ही आपातकाल लगवाया

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस ने ही आपातकाल लगाया था और संविधान की प्रस्तावना को बदला था, लेकिन अब वह संविधान की बात कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सहयोगी नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 को वापस लाने का वादा किया है। उन्होंने सवाल किया कि वे अपना रुख स्पष्ट करें कि क्या वे जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 के साथ हैं या डॉ. बीआर आंबेडकर के संविधान के साथ।

---

### आरोपी फरार, तलाश में जुटी पुलिस

## भजनपुरा में पत्नी, सास व दो बच्चों पर तेजाब डाला

▶▶ नई दिल्ली

भजनपुरा इलाके में एक व्यक्ति पत्नी, सास और दो बच्चों पर तेजाब डाल फरार हो गया। इस घटना के बाद सभी घायलों को जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी मिल गई।

पुलिस ने आरोपी की पत्नी के बयान पर मामला दर्ज किया है। यह वारदात पति पत्नी के रिश्ते में शक का नतीजा बताई जा रही है। पुलिस आरोपी की तलाश में है। पुलिस के अनुसार कविता गली नंबर 11, भजनपुरा इलाके में रहती है।

करीब 10 साल पहले कविता ने प्रकाश से शादी की थी। दंपती के एक बेटा, एक बेटी हैं। दोनों का रिश्ता ठीक नहीं चल रहा था और दोनों अलग हो गए थे। वर्ष 2018 में कविता ने शिव विहार करावल नगर के रहने वाले सोनू शर्मा से मंदिर में शादी कर ली थी। सोनू शर्मा नशा कर कविता से झगड़ा करता था। सोमवार सुबह के वक्त आरोपी ने घर पहुंच कविता, उसकी मां राधा, 18 माह की बेटी व पांच साल के बेटे पर तेजाब फेंक दिया। इसके बाद वह भाग गया। मामले की सूचना पर क्राइम और एफएसएल टीम ने भी मौके पर पहुंच साक्ष्य जुटाए।

स्वात्वाधिकारीः प्रकाशक एवं मुद्रकः पंकज गर्ग द्वारा नमस्ते राजस्थान 14/71, प्रेम भवन, चित्तौड़वालों की हवेली के पास, इन्द्रा मार्केट के सामने, शाम की सब्जी मंडी रोड, भोपालगंज, भीलवाड़ा, राजस्थान 311001 से प्रकाशित एवं डीबी कॉर्प लि. दैनिक भास्कर प्रिंटिंग प्लांट, 12 इन्द्रा सर्किल, गठीलाखेड़ा, शारदा ड्रीम कॉलोनी के पास चित्तौड़ रोड, भीलवाड़ा राजस्थान से मुद्रित। सम्पादकः पंकज गर्ग, कार्यालय नंबरः 01482-455184, मों. 9214417111, 8005910698, e-mail: namasterajasthan11@gmail.com, nrnews100@gmail.com